जय श्रीराम

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

श्रीरामनवमी की हार्दिक शुभकामनायें

www.vijaymat.com | रायपुर, रविवार, 6 अप्रैल 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 91 | पेज- 08 | मूल्य- ₹ 2.00/-

### बस्तर पंडुम कार्यक्रम के समापन समारोह शामिल हुए गृहमंत्री

## अगले चैत्र नवरात्रि तक खत्म हो जाएगा लाल आतंक : शाह

### नक्सली सरेंडर करें, बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे

**विजय मत, ब्यूरो दंतेवाड़ा**

नक्सलवाद के खिलाफ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जीवटता दंतेवाड़ा में भी सामने आई। यहां शाह ने कहा कि अगले चैत्र नवरात्रि तक लाल आतंक खत्म हो जाएगा। बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। नक्सलियों से अपील है कि वो सरेंडर करें। शाह ने लोगों से भी अपील की कि, नक्सलियों को सरेंडर कराकर गांवों को नक्सल मुक्त बनाइए। हर गांव को एक करोड़ मिलेगा।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह लगातार ये दोहरा रहे हैं कि, 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म हो जाएगा और शाह के इस संकल्प का प्रभाव भी नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार देखा जा रहा है। कई नक्सली मारे गए हैं तथा कई ने आत्मसमर्पण किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में खासकर छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ यह सिलसिला लगातार चल रहा है। शनिवार को बस्तर पंडुम कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए

शाह ने आगे कहा कि बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे। कांग्रेस ने 75 साल तक गरीबी हटाओ का नारा लगाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। करोड़ों गरीबों को फ्री राशन मिल रहा है। वहीं नक्सलियों से उन्होंने फिर कहा कि किसी को कोई मारना नहीं चाहता, नक्सली सरेंडर करें। भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार संरक्षण देगी। इससे पहले मंच पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें गौर मुकुट पहनाकर स्वागत किया। उन्हें कोंडागांव का प्रसिद्ध ढोकरा आर्ट भेंट किया।



### अमित शाह ने की जवानों की हौसला अफजाई

*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ कार्य करने वाले जवानों से मुलाकात की। उनके साथ हाई टी कार्यक्रम में शामिल हुए।अमित शाह ने जवानों के साथ सीधा संवाद किया। जवानों से मुलाकात कार्यक्रम में बस्तर फाइटर, कोबरा बटालियन, डीआरजी, एसटीएफ और पुलिस बल के जवान शामिल हुए। उन्होंने अपने ऑपरेशन की जानकारी दी और क्षेत्र में शांति के प्रयास किए शासन की नीतियों और विकास कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जवानों का हौसला बढ़ाया।*

### नक्सलवाद के खात्मे के साथ लौटेंगे बस्तर के सुनहरे दिनः सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर पंडुम उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर अब बदल रहा है और यह बदलाव स्थायी होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि बस्तर के लोग अब नक्सलवाद से मुक्ति चाहते हैं और विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन इस जनभावना के प्रतीक हैं। साय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को समाप्त करने का संकल्प लिया है। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल के जवानों की मजबूत कार्रवाई के कारण निरंतर सफलता मिल रही है। मुख्यमंत्री साय ने आशा जताई कि मां दंतेश्वरी की कृपा से यह संकल्प अवश्य पूरा होगा।

#### 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का प्रतीक बना बस्तर पंडुम

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर पंडुम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार किया है। इस आयोजन में ओड़िशा, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश जैसे 6 पड़ोसी राज्यों के 47 हजार कलाकारों ने भाग लिया। इस उत्सव में आदिवासी संस्कृति, वेशभूषा, खानपान और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन हुआ।

#### बस्तरः प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत का संगम

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर एक प्राकृतिक स्वर्ग है ङ्क यहां अनेक जलप्रपात और अबूझमाड़ के घने जंगल हैं। यहां फिर से देश-दुनिया के पर्यटक आएँगे और बस्तर को उसका गौरवमय स्थान मिलेगा। बस्तर पंडुम में 47 हजार कलाकारों और बस्तर ओलंपिक में 1.65 लाख युवाओं की भागीदारी इस परिवर्तन की सबसे बड़ी गवाही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछले 15 महीनों से राज्य में डबल इंजन की सरकार है। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों से जुड़ी योजनाएँ, और 70 लाख माताओं और बहनों को हर महीने 1000 रुपए देने वाली महतारी वंदन योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है।


## हिंदुओं के मंदिर, पानी और श्मशान एक हों : सरसंघचालक भागवत

### आईआईटी, बीएचयू के छात्रों को हिंदुत्व का पाठ पढ़ाया, पूछा- बताइये संघ क्या है

**वाराणसी, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को वाराणसी में कहा- श्मशान, मंदिर और पानी सब हिंदुओं के लिए एक होना चाहिए। इसी लक्ष्य के साथ संघ काम कर रहा है। हिंदू समाज के सभी पंथ, जाति, समुदाय साथ आएं। यही संघ की परिकल्पना है। संघ का मतलब सबकी मदद करना और युवा शक्ति को सही दिशा देना है।

मोहन भागवत ने आईआईटी, बीएचयू के छात्रों को हिंदुत्व का पाठ पढ़ाया। उनसे पूछा बताइये संघ क्या है? शनिवार सुबह वे काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से 15 मिनट मंत्रोच्चार के बीच बाबा का दर्शन-पूजन और अभिषेक किया।



#### भागवत ने आईआईटी छात्रों से पूछा- बताइए संघ क्या है?

संघ प्रमुख आईआईटी के जिमखाना मैदान में 70 मिनट तक रहे। उन्होंने आईआईटी के 100 से ज्यादा छात्रों का योग, खेल और वैदिक मंत्रों का उच्चारण देखा। छात्र उन्हें देख कर जय बजरंगी, भारत माता की जय और वंदे मातरम् का उद्घोष करते दिखे। भागवत ने छात्रों से पूछा- क्या आप संघ को समझते हैं, बताइए संघ क्या है? इस पर छात्रों ने कहा- संघ का मतलब हिंदुत्व को बढ़वा देना। सनातन की रक्षा करना। धर्म कोई भी हो, सबकी मदद करना और युवा शक्ति को सही दिशा दिखाना, यही संघ है। संघ संगठन का उद्देश्य हिंदू धर्म को मजबूत करने का है। हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना है। भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यता के मूल्यों को बनाए रखने के आदर्श को बढ़ावा देना है। यह आपको भी ख्याल रखना चाहिए। हिंदू समुदाय को मजबूत करने के साथ ही हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना है। भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यतागत मूल्यों को बनाए रखने के आदर्श को बढ़ावा देना है। हम अपनी भाषा, संस्कृति और संस्कार को बचाने के लिए खुद से पहल करें।

#### 2020 में मंदिर आए थे संघ प्रमुख

बता दें कि संघ प्रमुख इससे पहले वर्ष 2020 में काशी दौरे के दौरान बाबा के दरबार में आए थे। हालांकि इसके बाद भी कई बार संघ प्रमुख मोहन भागवत काशी आए, लेकिन उन्होंने मंदिर में हाजिरी नहीं लगाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत शनिवार की सुबह श्री काशी विश्वनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से मंत्रोच्चार के बीच बाबा का दर्शन- पूजन किया। वे कॉरिडोर में करीब 20 मिनट तक रहे। इसके बाद मंदिर से रवाना हुए। यहां से वे कोशी के कोतवाल बाबा काल भैरव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

## विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन लाल किले पर होगाः सीएम मोहन

**विजय मत, भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतीत के गौरवशाली इतिहास को जन सामान्य के सामने लाने के लिये 2 हजार वर्ष पहले सम्राट विक्रमादित्य द्वारा सुशासन के सिद्धांतों पर स्थापित शासन संचालन व्यवस्था और उनकी कीर्ति पर केन्द्रित महानाट्य की प्रस्तुति दिल्ली के लाल किले पर 12-13-14 अप्रैल को होने जा रही है। प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी का ध्येय वाक्य विरासत से विकास की ओर हमारे लिए एक पाथेय की तरह सिद्ध हो रहा है। हम विकास कार्यों में विरासत को महत्वपूर्ण स्थान दे रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार सुशासन को ध्यान में रखते हुए विकास और जनकल्याण की सभी गतिविधियां संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को नई दिल्ली में विक्रमोत्सव अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन के संबंध में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के विराट व्यक्तित्व को सबके सामने लाने के लिए महानाट्य की कल्पना की गई है।

**लापरवाही की हद...**

## चैंबर की गैप में फंसा बाइक का पहिया, पति के साथ लौट रही महिला की मौत

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**

नरेंद्र कुमार अपनी पत्नी भारती के साथ गीता भवन गए थे। वे पत्नी को थेरेपी करा कर लौट रही थे। सेंटपाल स्कूल के समीप सड़क पर चैंबर के पास में बाइक का अगला पहिया गया और बाइक असंतुलित हो गई। बाइक सहित दोनों सड़क पर गिर पड़े। अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना पलासिया क्षेत्र की है। बाइक का पहिया चैंबर की गैंप में फंसा। पति बाइक को संभाल नहीं पाया और बाइक सहित दोनों सड़क पर गिर पड़े। महिला के सिर पर गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पलासिया पुलिस के अनुसार दुधिया निवासी नरेंद्र कुमार अपनी पत्नी भारती के साथ गीता भवन गए थे। वे पत्नी को थेरेपी करा कर लौट रही थी। सेंटपाल स्कूल के समीप सड़क पर चैंबर के पास में बाइक का अगला पहिया गया और बाइक असंतुलित हो गई। बाइक सहित दोनो सड़क पर गिर पड़े भारती के सिर पर गंभीर चोट हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रहवासियों ने बताया कि सड़क पर कई चैंबर भी है और भारी वाहनों जब उसके आसपास से गुजरते है तो चैंबर का हिस्सा धंस जाता है और गैप आ जाती है। वही गैप हादसे की वजह बनी।

### टैरिफ से घमासान के बीच अमेरिकी जनता से ट्रंप का आह्वान

## आने वाले दिन आसान नहीं होंगे, लेकिन जनता मजबूती से डटी रहे, अपना धैर्य बनाए रखें

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका की आक्रामक टैरिफ नीतियों के कारण वैश्विक व्यापार युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। ऐसी आशंका है कि अमेरिकी जनता को टैरिफ की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसी बीच ट्रंप ने कहा है कि आने वाले दिन आसान नहीं होंगे, लेकिन जनता मजबूती से डटी रहे। लोग अपना धैर्य बनाए रखें। उन्होंने चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी शुल्क को घबराहट का संकेत बताकर खारिज कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर चीन के खिलाफ अपने टैरिफ (आयात शुल्क) फैसलों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा, बल्कि चीन इस व्यापार युद्ध में ज्यादा परेशान हो रहा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट ट्रूथ सोशल पर लिखा, चीन को अमेरिका से कहीं ज्यादा नुकसान हुआ है। हम पहले बहुत कमजोर थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। हम नौकरियां और कारोबार वापस ला रहे हैं। अब तक 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा निवेश आया है। ये एक आर्थिक क्रांति है, और हम इसमें जीतेंगे। उन्होंने आगे लिखा, थोड़ा मुश्किल होगा, लेकिन नतीजा ऐतिहासिक होगा। अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे!

## दवा कंपनी से 'सुप्रीम' सवालः दुर्लभ बीमारी की दवा चीन-पाकिस्तान को सस्ती तो भारत को क्यों नहीं?

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने भारत में स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफी (एसएमए) नाम की दुर्लभ बीमारी के उपचार में इस्तेमाल दोने वाली दवा रिसडिप्लाम की अधिक कीमत पर कंपनी से सवाल किए हैं। शीर्ष अदालत ने दवा बनाने वाली कंपनी से पूछा कि क्या यह दवा भारत में कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा सकती है, जबकि पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन को यह दवा सस्ती दर पर आपूर्ति की जाती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ को इस दुर्लभ बीमारी



से पीड़ित केरल की 24 वर्षीय महिला सबा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आनंद ग्रोवर ने बताया कि दवा निर्माता मेसर्स एफ हॉफमैन-ला रोश लि. भारत के मुकाबले अन्य देशों को सस्ती दर पर यह दवा बेच रही है। इस पर पीठ ने दवा निर्माता कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

#### सुप्रीम कोर्ट ने दवा कंपनी से पूछा ये सवाल

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि विवाद को ध्यान में रखते हुए, मेसर्स एफ हॉफमैन-ला रोश सुनवाई की अगली तिथि पर इस न्यायालय को बताए कि वह पड़ोसी देशों में उक्त औषधि किस दर पर बेचती है। पीठ ने कहा, यदि इस दवा का मूल्य भारत की तुलना में (अन्य देशों में) कम है, तो न्यायालय को यह भी सूचित किया जाएगा कि क्या भारत में भी दवा की उसी कम मूल्य पर आपूर्ति की जा सकती है।

#### मामले में अब 8 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

वरिष्ठ वकील आनंद ग्रोवर ने पीठ को यह भी बताया कि एसएमए रोगियों के लिए दवा की कीमत पाकिस्तान और चीन में अपेक्षाकृत सस्ती है, क्योंकि वहां की सरकारों ने इसमें हस्तक्षेप किया है। उन्होंने दलील दी कि भारत सरकार वैश्विक दवा निर्माता कंपनी के साथ इस दुर्लभ बीमारी की दवा सस्ती दर पर उपलब्ध कराने के लिए बातचीत क्यों नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने इस तथ्य पर गौर करते हुए मामले को 8 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध किया कि भारत में कई मरीज इस विकार से पीड़ित हैं।

## श्रीरामलला के ललाट पर सूर्य तिलक का हुआ फाइनल ट्रायल

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या में राम नवमी का पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। राम नवमी का मुख्य आकर्षण रामलला का सूर्य तिलक होगा। सूर्य की किरणें बालक राम के मस्तक का अभिनंदन करेंगी। यह दुर्लभ संयोग चार मिनट तक रहेगा। इसके लिए वैज्ञानिकों ने बीते दिनों कई ट्रायल किए। शनिवार को इसका आखिरी ट्रायल हुआ। आठ मिनट तक चले इस ट्रायल को कराने के दौरान इसरो के साथ-साथ आईआईटी रुढ़की और आईआईटी चेन्नई के एक्सपर्ट मौजूद रहे। रविवार की दोपहर ठीक 12 बजे भगवान सूर्य रामलला के ललाट का तिलक करेंगे। इसका लाइव टेलीकास्ट दूरदर्शन पर प्रसारित होगा। श्रद्धालुओं पर ड्रोन से सरयू जल की फुहार छोड़ने का ट्रायल शनिवार को हुआ।

**विजय मत एंकर** नया नियम लागू, ऑनलाइन देख सकेंगे आवेदन की स्थिति

## विदेशी डिग्री को मान्यता देने की प्रक्रिया हुई आसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने अब विदेश से ली गई डिग्रियों को भारत में मान्यता देने और अनुदान देने की प्रक्रिया को आसान और असरदार बनाने के लिए एक नया नियम लागू किया है। यह नियम ऐसे समय में आया है जब विदेश में पढ़कर भारत लौटने वाले छात्रों की संख्या बढ़ रही है। यह नया नियम 4 अप्रैल को अधिसूचित किया गया।

इसके अनुसार, अब विदेशी स्कूलों और कॉलेजों की डिग्रियों की जांच के लिए एक पारदर्शी और तकनीक आधारित प्रणाली बनाई गई है। हालांकि, चिकित्सा, फार्मेसी, नर्सिंग, कानून,




वास्तुकला और कुछ अन्य पेशेवर कोर्स की डिग्रियों की मान्यता पर यह नियम लागू नहीं होगा। इनकी जांच पहले की तरह ही उनके क्षेत्र के नियामक निकायों द्वारा तय मानकों के अनुसार होगी। यूजीसी के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने कहा कि यह बदलाव लंबे समय से चली आ रही एक बड़ी समस्या को हल करता है और यह नई शिक्षा नीति 2020 के उस लक्ष्य के अनुरूप है, जिसमें भारत को शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारतीय कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को विदेशी छात्रों को आकर्षित करना है, तो उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेशी डिग्रियों को निष्पक्ष और समय पर मान्यता मिले।

#### नई समिति का किया जाएगा गठन

इस नए नियम में यूजीसी ने एक स्थायी समिति बनाने की व्यवस्था की है, जो इन विदेशी संस्थानों और उनकी डिग्रियों की वैधता की जांच करेगी और तय करेगी कि वे भारतीय मानकों के बराबर हैं या नहीं। इससे पहले की तरह मनमर्जी से फैसले नहीं होंगे।

#### छात्र ऑनलाइन ट्रैक कर सकेंगे आवेदन की स्थिति

इसके अलावा, यूजीसी एक ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू करेगा, जहां छात्र अपनी विदेशी डिग्री को मान्यता दिलाने के लिए आवेदन कर सकेंगे और अपनी आवेदन की स्थिति को ट्रैक भी कर सकेंगे। यह स्थायी समिति समय-समय पर बैठक करेगी और तय मापदंडों जैसे उस विदेशी संस्थान की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग आदि को देखते हुए निर्णय देगी। समिति डिग्री की न्यूनतम अवधि, उसमें लगने वाले ₹ डिट और उसके ढांचे की जांच करेगी। इसमें मुख्य विषय, वैकल्पिक विषय, अलग-अलग विषयों का मिश्रण, प्रयोगशाला कार्य, पढ़ाई के घंटे, स्वयं अध्ययन और अनुभवात्मक शिक्षा शामिल होंगे।

## श्रीलंका ने पीएम मोदी को दिया मित्र विभूषण सम्मान

### प्रधानमंत्री बोले- ये करोड़ों भारतीयों का सम्मान

**कोलंबो, एजेंसी**



श्रीलंका की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान से सम्मानित किया है। श्रीलंका की सरकार यह सम्मान उन देशों के राष्ट्राध्यक्षों को देती है, जिनके श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध होते हैं। भारत के ऐतिहासिक तौर पर श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। साथ ही जब श्रीलंका आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा था तो उस वक्त भी सबसे पहले भारत ने ही श्रीलंका के लिए मदद का हाथ बढ़ाया था। अब इन अच्छे संबंधों को ही मान्यता देते हुए श्रीलंका की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान दिया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को मित्र विभूषण सम्मान का मेडल पहनाकर सम्मानित किया। सम्मान पाने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि यह भारत के 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान है। श्रीलंका मित्र विभूषण सम्मान में एक चांदी का मेडल होता है, जिसमें बना धर्म चक्र बौद्ध विरासत का प्रतीक है। इस बौद्ध विरासत ने भारत और श्रीलंका की सांस्कृतिक परंपराओं को आकार दिया है। मेडल में बना पुन कलश (एक औपचारिक बर्तन) समृद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक है। मेडल में बने नवरत्न दोनों देशों के बीच अमूल्य और स्थायी दोस्ती का प्रतिनिधित्व करते हैं। सूर्य और चंद्रमा प्राचीन अतीत से अनंत भविष्य तक फैले बंधन को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मानित होने के बाद कहा कि श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके द्वारा श्रीलंका मित्र विभूषण पुरस्कार से सम्मानित होना मेरे लिए नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए सम्मान की बात है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### वाहनों का किराया भुगतान 8 तक

बिलासपुर । जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिग्रहित किये गये वाहनों के किराया का भुगतान किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने जानकारी दी है कि विधानसभा 2023 एवं लोकसभा चुनाव 2024 में ऐसे वाहन मालिकों को जिनको वाहन का किराया भुगतान नहीं हुआ है वे 8 अप्रैल तक जिला निर्वाचन कार्यालय (लेखा शाखा) में अपने वाहन की आर.सी. एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति लेकर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर वाहन की किराया राशि प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिये गये समय अवधि के पश्चात वाहन किराया की राशि का भुगतान संभव नहीं होगा जिसकी जिम्मेदारी संबंधित वाहन मालिक की होगी।

### आठ हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

बलरामपुर । सीमांकन के लिए दस हजार रुपए की मांग करने वाले पटवारी हेमंत कुजूर को एसीबी ने आठ हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। परसडीहा जनपद पंचायत वाड्रफनगर के रहने वाले राजेश पटेल ने भूमि के सीमांकन के लिए आवेदन दिया था। पटवारी हेमंत कुजूर ने सीमांकन करने के बदले पटेल से दस हजार रुपये रिश्वत की मांग की जिस पर उसने दो हजार रुपये पटवरी को दिया और आठ हजार रुपये काम होने के बाद देने की बात कही। लेकिन पटवरी के बार-बार दबाव बनाने क बाद राजेश ने इसकी शिकायत एनटी करप्शन ब्यूरो से की। इसके बाद एसीबी की टीम ने आज योजनाबद्ध तरीके से रंगे हुए आठ हजार रुपये राजेश को दिए और जैसे ही उसने पटवरी को यह रुपये दिए एसीबी की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### अनियंत्रित ट्रेलर पलटा , सायकल सवार की मौत

कोरबा । दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत विजय नगर बाईपास मार्ग पर कोयला लोड कर एसईसीएल खदान से निकली एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई, इस दौरान सड़क किनारे चल रहा एक साइकिल सवार आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।इस हादसे में ट्रेलर चालक को भी मामूली चोंटे आई है। राहगिरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान 40 वर्षीय धनसाय निवासी जवाली गांव के रूप में की है। पंचनामा करने के बाद परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

### शॉर्ट सर्किट से आगजनी इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर स्वाहा

कोरबा। तापमान का पारा बढने के साथ आगजनी की घटनाएं शुरू हो गई हैं। दर्री में आज सुबह एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान आगजनी की घटना का शिकार हो गई। इस दौरान बीटा रखा पूरा सामान स्वाहा हो गया। दुकान संचालक को लाखों की चपत लगी है। आग को नियंत्रित करने के लिए तीन अग्निशमन वाहन के द्वारा कोशिश की गई।सूत्रों के अनुसार शराब भट्टी पुरानी बस्ती इलाके में यह घटना आज सुबह 7 के आसपास हुई। अनिल इलेक्ट्रॉनिक्स के बगल में एक और इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालित है जहां पर अचानक आग लग गई। बड़ी मात्रा में धुआं और आग के लपट उठते हुए देखकर लोग सक्ते में आ गए। इस मार्ग से सुबह बच्चों को स्कूल छोडने के लिए अभिभावक जा रहे थे। इसके अलावा कामकाजी लोगों का अपने गंतव्य की तरफ रुख करना हुआ। आखिर हुआ क्या है, यह जानने के लिए लोगों की भीड़ यहां पर इकत्र्ी हो गई। शीघ्रता से पुलिस और कंट्रोल रूम को सूचना देने की कुछ देर के बाद सीएसईबी, एनटीपीसी और नगर पालिका निगम कोरबा की दमकल मौके पर पहुंची।। इनके साथ आई फायर फाइटिंग टीम ने अपने संसाधन का उपयोग करते हुए आगजनी पर नियंत्रण करने का प्रयास किया। कॉफी देर के बाद आज पर काबू पा लिया गया >

### चोरी की 16 बाइक के साथ चार गिरफ्तार

रायगढ़। शहर और आसपास के क्षेत्रों में हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने थोड़ा लगाम लगाते हुए 16 चोरी की बाइकें के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो वाहन चोर और दो चोरी की संपत्ति के खरीदार शामिल हैं।

बस स्टैण्ड में 15 मई तक यात्री सुविधाओं के सभी काम पूर्ण करने दिए निर्देश

# कलेक्टर अवनीश शरण ने अस्पताल,बस स्टैण्ड एवं महिला आजीविका केन्द्र का किया निरीक्षण





बिलासपुर विजयमत ब्यूरो।

कलेक्टर अवनीश शरण ने नगर निगम क्षेत्र के लिंगियाडीह अस्पताल एवं तिफरा बस स्टैण्ड का दौरा कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने तिफरा बस स्टैण्ड में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के शेष कार्य 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने छठ घाट के समीप शहर की गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बनाये जा रहे टेलरिंग शेड एवं आजीविका केन्द्र का भी अवलोकन किया। डीएमएफटी के तहत लगभग 4.68 करोड़ की लागत से इन दोनों संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। एक बार में लगभग 500 शहरी गरीब महिलाओं को यहां आजीविका संबंधी विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जा सकेंगे। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित थे।कलेक्टर शरण ने निगम क्षेत्र के लिंगियाडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। डीएमएफ मद के अंतर्गत अस्पताल में लेबर रूम, अतिरिक्त वार्ड सहित पुराने भवन को जोड़ते हुए एलिवेशन कार्य स्वीकृत किया गया है। कलेक्टर ने पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनक्यूएएस की मानकों के अनुरूप अस्पताल प्रबंधन अपनी सेवाओं को उच्च स्तर का बनाए। कलेक्टर इसके बाद छठ घाट की समीप बन रहे टेलरिंग शेड एवं शहरी महिला आजीविका केन्द्र तोरवा का निरीक्षण किया। कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। चार खण्ड में लगभग 500 महिलाओं के आजीविका प्रशिक्षण सुविधा के लिए ये भवन बनाये जा रहे हैं। उन्होंने भवन की गुणवत्ता एवं सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। मुख्य रोड तक पक्की पहुंच मार्ग और भवन के चारों ओर पक्की सीसी रोड जल्द बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर इसके बाद शहर के बीच पुराना बस स्टेण्ड पहुंचे। उन्होंने इमलीपारा में निगम द्वारा निर्मित सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स का अवलोकन किया। कॉम्पलेक्स में 63 दुकान निकाले गये हैं।

पिछले कुछ महीनों में कलेक्टर के निर्देश पर बस स्टेण्ड में जल भराव की समस्या से निजात मिली है। पेयजल आसानी से उपलब्ध हुआ है। भवन के कई हिस्सों की रिपेयरिंग, बिजली एवं पंखा लगाये गये हैं।

### परिसर में 140 दोपहिया और 40 चार पहिया वाहनों के पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

उन्होंने पूरी योजना की जानकारी ली और निगम आयुक्त को दिशानिर्देश दिए। पुराने बस स्टैण्ड में व्यवस्थापित किये गये मदिरा दुकानों के संबंध में भी नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर तिफरा स्थित नया बस स्टैण्ड पहुंचकर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मरम्मत, सुधार एवं सौंदर्यीकरण के बचे हुए कार्य 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए। गरीब यात्रियों के रात बिताने के लिए बस स्टैण्ड में 50-50 सीट के दो रैन बसेरा बनाये गये हैं। रैन बसेरा का भी उन्होंने अवलोकन किया और जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

### कोरबा-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर बालाजी गैस नामक संस्थान में लगी भीषण आग

कोरबा। जिले के दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबा-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर अलसुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अनिल इलेक्ट्रिकल के पास बालाजी गैस नामक इंडस्ट्रियल पार्ट्स व ऑक्सीजन गैस सिलेंडर बिक्री करने वाली संस्थान में अचानक भीषण आग लग गई। यह घटना सुबह लगभग 5रू00 बजे की बताई जा रही है, जब स्थानीय लोगों ने संस्थान से घना धुआं उठते देखा।

स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 को इसकी सूचना दी, जिसके बाद डायल 112 की टीम चालक प्रकाश बिसेन, आरक्षक नरेश यादव तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और दर्री थाना व दमकल विभाग को जानकारी दी गई। आग की भीषणता को देखते हुए दमकल विभाग, सीएसईबी और एनटीपीसी से कुल तीन दमकल वाहन घटना स्थल पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए।बताया जा रहा है कि दुकान में इंडस्ट्रियल पार्ट्स सहित अन्य कई सामग्री रखी हुई थी, जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

सामुदायिक भवन के लिए कलेक्टर, एसडीम ,तहसीलदार, न्यायाधीश एवं नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक को सौपा ज्ञापन

## कांकेर शिवनगर वार्ड क्रमांक 8 में सामुदायिक भवन के लिए भूमि पूजन का आयोजन



कांकेर। शिवनगर वार्ड क्रमांक 8 में 01-04-2025 को मंगलवार के दिन आंगनबाड़ी से लगे और सेन भवन के सामने खाली जमीन पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त मोहल्ला वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। सामुदायिक भवन के निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए वार्डवासियों ने इस आयोजन को सफलता से सम्पन्न किया।वार्डवासियों के अनुसार, यह सामुदायिक भवन उनके सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्तमान में शादी, छुट्टी, मृत्यु जैसे अन्य कई प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पर्याप्त जगह की कमी महसूस हो रही है। यह भूमि सार्वजनिक कार्यों के लिए समर्पित एक सामुदायिक भवन के रूप में बदलकर, उनके कई समस्याओं का समाधान करेगा। इस मौके पर मोहल्ले के सभी प्रमुख नागरिक और स्थानीय नेता उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व पार्षद संजू अहिरवार, शकुंतला जैन, पार्षद शिवनगर वार्ड कांकेर, सुनीता बाघ, साबरा बेगम, सुरजा नाग, ललिता यादव, अनीता शांडिल्य, निरा यादव, जागेश्वरी साहू, उषा चौहान, निर्मला बाई, अंगिरा गौतम, सुनील तारम, योगेंद्र साहू, उदय साहू, रमेश रजक, कन्हैया कावड़े, राहुल भगत और रामचरण निषाद सहित अन्य वार्डवासी शामिल थे।साथ ही, इस अवसर पर कलेक्टर, एचडिएम, तहसीलदार, न्यायाधीश और नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक को भी ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए सरकारी मदद और भूमि के उचित उपयोग की मांग की गई।

## अंतर्राज्जीय डीजल चोर गिरोह के 3 आरोपियों को सूरजपुर पुलिस ने केतका जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा

**ट्रक के हेल्फर पर प्राणघातक हमला कर डीजल लूटकर ईको कार से हो गए थे फरार**




सूरजपुर । ग्राम धंधापुर थाना राजपुर निवासी अभिषेक पोर्ते ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीके 9007 में हेल्फर का काम करता है, दिनांक 02/04/2025 को बैकुण्ठपुर से ट्रक में सीमेंट फैंसिंग पोल लोड करके चालक एवं अन्य हेल्फर के साथ पोल पहुंचाने अम्बिकापुर जा रहे थे कि शाम 4.00 बजे बाई पास एचएच-43 मेन रोड सूरजपुर के पास अचानक वाहन का ब्रेक डाउन होने पर वहीं वाहन खड़ा कर खाना बनाकर रात में खाकर सभी सो गए, रात्रि में ड्राईवर उठाकर बोला कि कोई डीजल टंकी का ताला तोड़ रहा है जाकर देखने पर 2 व्यक्ति डीजल टंकी से डीजल निकाल कर जरकिन में भरकर ले जा रहे थे जिन्हें रोकने पर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी को रॉड से सिर में प्राणघातक हमला किए, डाईवर व हेल्फर के आने पर दोनों व्यक्ति डीजल भरे जरकिन को लेकर ईको वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडई 1256 में अपने एक अन्य साथी के साथ मनेन्द्रगढ़ रोड़ की ओर भाग निकले। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 169/2025 धारा 109, 309(6), 351(3) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुरप्रशांत कुमार ठाकुर ने आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। इसी बीच मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि केतका जंगल में एक ईको वाहन में कुछ संदिग्ध लोग दिखे है। सूचना पर पुलिस की टीम ने केतका जंगल में दबिश देकर घेराबंदी कर ईको वाहन के साथ आरोपी मनोज तिवारी पिता रूद्र प्रसाद तिवारी बिजुरी थाना बिजुरी जिला अनुपपुर मध्यप्रदेश (2) अजय तिवारी पिता श्यामलाल अनुपपुर मध्यप्रदेश को पकड़ा गया।

## दुर्गा मां के प्रति अनोखी श्रद्धा, महिला ने 8 दिन से एक बूंद भी नहीं पिया पानी, पेट में रखी ज्योति कलश



बलौदाबाजार विजयमत ब्यूरो।

जिले के ग्राम सकरी में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अनोखी श्रद्धा देखने को मिली। गांव की एक महिला रेवती फेकर ने मां दुर्गा के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट करते हुए अपने पेट पर ज्योति कलश की स्थापना की है। खास बात यह है कि, रेवती ने यह कलश बिना किसी मनोकामना के स्थापित किया है। उनका उद्देश्य केवल देवी मां की आराधना और सेवा है। रेवती की इस अनोखी साधना में उनके पति राहुल फेकर का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। राहुल ने बताया कि रेवती ने पहले भी ज्योति कलश स्थापित करने की इच्छा जताई थी लेकिन तब राहुल ने अनुमति नहीं दी थी। इस बार जब रेवती ने फिर से इच्छा जाहिर की तो राहुल ने सहमति दे दी। इसके बाद रेवती ने नवरात्र के पहले दिन से ही कठोर तपस्या शुरू की। उन्होंने अब तक पानी की एक बूंद भी नहीं पिया है, केवल गीले कपड़े से होंठों को तर कर रही हैं। रेवती की भक्ति को देखने और सराहने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु सकरी पहुंच रहे हैं। गांव में रेवती की साधना चर्चा का विषय बन गई है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में आगामी सत्र हेतु 80 सीट में प्रवेश देने जिला कलेक्टर के नाम सौंपा गया ज्ञापन



बालोद विजयमत ब्यूरो।

बालोद जिले के दुधली (मालीघोरी) में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2025-26 हेतु 80 सीटर लेने के संबंध में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों ने बताया कि अभी सिर्फ 40 सीटर ही लिए गए हैं। जिसमें 40 और बढ़ाने की जरूरत है। ताकि हमारे जिले के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। शहर के बच्चों के लिए 25त्न आरक्षित रहता है। लेकिन दो बच्चों को ही एडमिशन दिया गया है । इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर को आवेदन सौंपा गया है। वर्तमान में चयन सूची 40 सीटर की ही जारी हुई है। जिसमें शहर से केवल दो बच्चों का चयन हुआ है। जबकि 25त्न लेना होता है। 40 का 25त्न भी 10 होगा ,10 लेना था पर दो बच्चों का ही चयन हुआ है। सभी प्रकार के बच्चों ग्रामीण और शहरी जो ग्रामीण के बच्चे शहर में पढ़ते हैं उनका लाभ मिल सके इसके लिए सीट बढ़ाने की जरूरत है। ताकि जिला के सभी बच्चों को इसका लाभ मिल सके। इसके लिए पालक गण प्रयास कर रहें। पांचवी के बाद जिला बालोद सभी प्राथमिक विद्यालय से 100त्न लगभग परीक्षा हेतु आवेदन किए थे। जिले का 80 सीटर लेने से बच्चों सहित माता-पिता सपना पूर्ण होंगे। ज्ञापन देने के लिए डोमन लाल, जनक लाल, आशीष देवांगन, नेमिन बाई, कमलेश्वरी बाई, मोतीम बाई, खेमिन बाई ,भगवती बाई,उपमा बाई, कौशल्या बाई, राजकुमारी, लाल रघुवीर सिंह ठाकुर आदि पहुंचे हुए थे। ज्ञापन में जवाहर नवोदय विद्यालय बालोद में कक्षा छठवीं में 80 सीट पर प्रवेश लेने की प्रमुखता से मांग पालकों द्वारा की गई। ज्ञापन के जरिए यह भी बताया गया है कि इसके पूर्व सत्र में केंद्र के निर्देशन अनुसार 80 सीटों पर प्रवेश लिया गया था. जिससे जिले के 80 छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने का अवसर प्राप्त हुआ था। लेकिन इस बार 40 सीट पर ही चयन लिस्ट जारी किया गया है। जिससे जिले के 40 छात्र छात्राएं उक्त विद्यालय में प्रवेश लेने से वंचित हो गए हैं। अतः 80 सीटों पर प्रवेश लेने की मांग प्रमुखता से पालकों द्वारा की जा रही है।

## जल संरक्षण के लिए प्रशासन और ग्रामीणों ने किया श्रमदान और निकली नीर और नारी जल यात्रा

- मिशन जल रक्षा में जुड़ रहे ग्रामीण, जनभागीदारी के साथ करेंगे जल संचय
- नाले में बोरी बंधान करके जलस्तर बढ़ाने का प्रयास



राजनांदगांव । कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते हुए विकासखंड छुरिया के ग्राम पंचायत मासूल में प्रशासन तथा ग्रामीणों ने श्रमदान करके जल संरक्षण हेतु प्रभावशाली कदम उठाया है। ग्राम मासूल अंतर्गत नाले पर ÷मासूल-बुचाटोला÷ मार्ग के नाले पर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह,ग्रामवासियों, सरपंच, पंच, स्वच्छता दीदी, हरियाली दीदी एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से श्रमदान करके नाला में बोरी बंधान किया गया, जिससे भविष्य में वर्षा जल नाले में एकत्रित होगा तथा भूजल स्तर में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत मासूल - बुचाटोला जनसहयोग से नाले में बोरी बंधान कार्य करने वाला पहला पंचायत है, इसी तर्ज पर पूरे जिले में इसी तरह से नालों में जनसहयोग से नाला बंधान कार्य किया जाएगा। पद्मश्री फूलबासन यादव की पहल से गांव-गांव में जल संरक्षण को लेकर माँ बाम्बेश्वरी फाउंडेशन से जुडी दीदीयों ने, बिहान की दीदीयों और हरियाली दीदियों द्वारा जल यात्रा निकली जा रही है। जल यात्रा के माध्यम से लोगों में जल संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाई जा रही है। मासूल तथा बुचाटोला में जल यात्रा का कार्यक्रम आयोजन किया गया ।

**खास-खबर** एसडीएम और तहसीलदार ने दिए प्रेरक उद्बोधन

## प्रेस क्लब व्दारा संचालित डिजिटल लाईब्रेरी का शुभारंभ



डोंगरगांव विजयमत ब्यूरो।

प्रेस क्लब डोंगरगांव व्दारा विगत दिनों सांसद संतोश पांडे एवं विधायक दलेश्वर साहू व्दारा लोकार्पित डिजिटल लाईब्रेरी एवं अध्ययनशाला का विधिवत शुभारंभ शनिवार को किया गया है. इस दौरान ग्रीष्मकालीन सत्र के प्रथम बैच के लिए बाईस से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया. कार्यक्रम में प्रेरक उद्बोधन के लिए एसडीएम श्रीकांत कोराम तथा तहसीलदार पी.एल.नाग की गरिमामय उपस्थिति रही. उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रतिभागी परीक्षाओं में चयनित विषय तथा अध्ययन विधि एवं डिजिटल लाईब्रेरी के उपयोग को विस्तार से बताया साथ ही प्रेस क्लब व्दारा संचालित किए जा रहे इस निशुल्क वातानुकुलित डिजिटल लाईब्रेरी एवं अध्ययनशाला की सराहना करते हुए प्रेस क्लब के इस कार्य में सदैव सहयोग का आश्वासन दिया है. बता दें कि प्रेस क्लब डोंगरगांव व्दारा नगर सहित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए क्लब परिसर में ही डिजिटल लाईब्रेरी, अध्ययनशाला एवं प्रतिभागी परीक्षाओं में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के लिए पुस्तकालय के साथ साथ विषय विषेशज्ञों को मार्गदर्शन के लिए आमंत्रित किया जायेगा, जिसका लाभ क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलेगा. प्रेस

**क्लब की पहल अनुकरणीय-एसडीएम कोराम**-डिजिटल लाईब्रेरी एवं अध्ययनशाला के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एसडीएम श्रीकांत कोराम ने प्रेस क्लब व्दारा उपलब्ध कराये जा रहे संसाधनों का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सकेंगें. उन्होंने बताया कि आधुनिकता के इस दौर में आप इंटरनेट जैसे सुविधाओं का उपयोग कर अपने ज्ञान को उच्च स्तर तक ले जा सकते हैं साथ ही एक स्वच्छ और शांत वातावरण अध्ययन के लिए अतिमहत्वपूर्ण है जो कि यहां उन्हें प्रेस क्लब डोंगरगांव व्दारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तहसीलदार पी.एल.नाग ने प्रेस क्लब की पहल को अनुकरणीय बताते हुए विद्यार्थियों को प्रतिभागी परीक्षाओं की तैयारी करने के गुर सिखाया साथ ही अधिकारियों ने समय दर समय मार्गदर्शन के लिए आने की बात कही. इस दौरान प्रेस क्लब के संरक्षक बालकृष्ण सिन्हा, अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी, सचिव दिवाकर सोनी, कोषाध्यक्ष राजा राणा, उपाध्यक्ष गोविन्द गुप्ता व महेन्द्र लेंझारे, घनश्याम साव, टुम्मन साहू, देवेन्द्र देवांगन टिंकू, देवेन्द्र गुप्ता, प्रकाश गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति रही.

### निःशुल्क सुविधा मिलेगी-

शुभारंभ के अवसर पर प्रेस क्लब डोंगरगांव के पदाधिकारियों ने बताया कि क्लब व्दारा संचालित इस डिजिटल लाईब्रेरी का उपयोग क्षेत्र सहित अन्य स्थानों के भी प्रतिभागी एवं विद्यार्थी कर सकेंगें. इसके लिए क्लब के व्दारा आवश्यक दिशा निर्देश बनाए गए हैं. इस संदर्भ में क्लब के अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी एवं सचिव दिवाकर सोनी ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए पंजीयन निःशुल्क है. इसके लिए उन्हें परीक्षा तथा प्रवेश संबंधी प्रमाणपत्र तथा अवयस्क होने की स्थिति में माता पिता या पालक की सहमति आवश्यक होगी. वहीं संस्था प्रमुख का अनुशंसा पत्र भी पंजीयन हेतु प्रस्तुत करना होगा. पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्ण रूप से वातानुकुलित एवं साउंडप्रूफ कक्ष के साथ ही हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा वर्तमान में प्रदान की जा रही है.

## न्यूज इन शॉर्ट




### केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की

रायपुर । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अपने एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ बस्तर अंचल की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

### साहित्य अकादमी के नए अध्यक्ष शशांक शर्मा को डॉ. रमन सिंह ने दी बधाई

रायपुर। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने



शशांक शर्मा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का साहित्य और अधिक सशक्त होगा तथा नई उचाईयों को प्राप्त करेगा। नए कार्यकाल के लिए आपको बहुत बधाई और मंगलकामनाएं। छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष पद पर शशांक शर्मा की नियुक्ति पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. सिंह ने अपने संदेश में कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का साहित्य और अधिक सशक्त होगा तथा नई ऊचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने शशांक शर्मा के नए कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएं भी व्यक्त कीं।

### रायपुर के शहरभर में हटाए जा रहे विज्ञापन के होर्डिंग्स

रायपुर। निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने शहर के सभी चौक - चौराहों और महापुरुषों के प्रतिमा



स्थलों से विज्ञापन फ्लैक्स पोस्टर को अभियान चलाकर निकालने नगर निवेशक आभाष मिश्रा, उड़न दस्ता और सभी जोनों के प्रभारी अभियंताओं को दिए है। सभापति ने कहा कि चौक - चौराहों पर लगाए गए ये विज्ञापन बैनर पोस्टर शहर की सुंदरता को प्रभावित करते है। इन्हें अभियान चलाकर पूरी तरह निकाला जाना सुनिश्चित हो। साथ ही महापुरुषों के प्रतिमा स्थलों से सभी विज्ञापन फोटो बैरन पोस्टर हटाए जाएँ, अतिक्रमण को हटाया गया महापुरुषों की प्रतिमाएँ स्पष्ट दिखें और वहां सफाई भी रहे। सभी नगरवासी महापुरुषों से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा शक्ति प्राप्त करते है। नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता और जोन 2 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा आज तेलघानीनाका चौक सहित अन्य चौक चौराहों, विभिन्न मुख्य मार्गो और राजधानी शहर के जीईमार्ग स्थित शारदा चौक स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा स्थल पर लगाए गए सभी विज्ञापन हटाए गए ।

#### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर को पिछले वित्तीय वर्ष में 216 करोड़ का हुआ लाभ

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर प्रदेश में सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाला बैंक

रायपुर। राज्य सरकार के नीतिगत फैसलों और केन्द्र सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ सहकार से समृद्धि की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। सहकारिता विभाग के आयुक्त कुलदीप शर्मा ने बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर प्रदेश में सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाला बैंक बन गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर को 216 करोड़ का सकल लाभ अर्जित हुआ है, जो कि विगत वर्ष से 84 करोड़ रूपए अधिक है।जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अपेक्षा व्यास ने कहा कि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में इस वर्ष का बेहतर लाभार्जन संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि बैंक से संबद्ध हितग्राहियों, किसानों तथा ग्राहकों की सुविधा बैंक



के लिए सर्वोपरि है। यही कारण है कि अमानतदारों तथा किसानों के द्वारा बैंक के प्रति विश्वास जाहिर किया गया है। बैंक से संबद्ध 550 सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण के अतिरिक्त मध्यकालीन, दीर्घकालीन ऋण तथा ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेशर, तारफेसिंग आदि के लिए ऋण दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में बैंक द्वारा 3.93 लाख किसानों को 1886 करोड़ का ब्याज मुक्त कृषि ऋण का वितरण किया गया।सीईओ श्रीमती व्यास ने कहा कि बैंक की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ है।

बैंक की अमानत राशि 6833 करोड़ तथा कार्यशील पूंजी 8316 करोड़ है। बैंक द्वारा त्वरित बैंकिग ग्राहक सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक बैंकिग सेवाएं जैसे एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई की सुविधा प्रदान की जा रही है। खरीफ सीजन 2024-25 में बैंक से संबद्ध 550 पैक्स द्वारा धान खरीदी की राशि माइक्रो-एटीएम के माध्यम से 57 करोड़ रूपए का आहरण किसानों के द्वारा भी किया गया।

## बस्तर पंडुम में शामिल होने निकले ग्रामीणों से भरा पिकअप वाहन पलटा

**30 लोग घायल, 6 गंभीर**

विजय मत रायपुर ब्यूरो।

जिले के कुआकोंडा थाना क्षेत्र के पालनार के पास में शनिवार 11:30 बजे ग्रामीणों से भरी एक पिकअप वाहन पलट गई। हादसे में 30 ग्रामीण घायल हो गए, इनमें से 6 की हालत गंभीर है।जानकारी के अनुसार, हादसे में एक ग्रामीण का हाथ कटकर अलग हो गया है। सभी ग्रामीणों को जिला अस्पताल लाया गया है।

ये ग्रामीण दंतेवाड़ा जिले के नक्सल प्रभावती इलाके पोटली के रहने वाले हैं। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के हाई स्कूल मैदान में शनिवार को बस्तर पंडुम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इन सभी ग्रामीणों को पिकअप के माध्यम से दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय लाया जा रहा था। इसी बीच पालनार के पास वाहन अनियंत्रित होकर



पलट गई। हादसे में 30 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थनिय लोगों ने निजी वाहनों के माध्यम से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया है। कुछ का घायलों का कुआकोंडा में इलाज चल रहा है।

## लोक सुराज अभियान - तीन चरणों में होगा जनता की समस्याओं का समाधान

विजय मत रायपुर ब्यूरो।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार अब प्रदेश में लोक सुराज अभियान शुरू करने जा रही है। लोक सुराज अभियान 2025 तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरा चरण समाधान शिविरों का होगा, जिसकी अवधि 5 मई से 31 मई 2025 निर्धारित की गई है। इस अभियान के संबंध में श्री साय ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर अभियान संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

आवेदन प्राप्ति से समाधान तक

अभियान के तहत सबसे पहला काम आवेदन प्राप्ति का होगा। आम



जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में आवेदन, 07 अप्रैल से 10 अप्रैल 2025 अर्थात 04 दिनों तक, पंचायत मुख्यालयों व स्थानीय निकायों के कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, प्राप्त किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति स्थलों पर रखी जाने वाली पेटी को समाधान पेटी का नाम दिया जाएगा। जिला तथा विकासखण्ड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में भी आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था की जाएगी, ताकि जनता बेहिचक और बेझिझक अपने मन की बात लिखकर दे सकें। आवश्यकतानुसार हाट बाजारों में भी आवेदन लेने की व्यवस्था की जा सकती है। सॉफ्टवेयर में इन आवेदनों का पंजीयन कर उन्हें अपलोड किया जाएगा।

**समाधान शिविर भी लगेंगे**

अभियान के तहत समाधान शिविर का आयोजन 05 मई से 31 मई के मध्य प्रत्येक 10 से 15 पंचायतों के मध्य एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को दी जाएगी। इसी प्रकार नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के कार्यक्रम की जानकारी की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में की जाए और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

## लड़कियों के गैंग ने अपनी ही सहेली पर किया हमला, जमकर की पिटाई, पंच भी मारे

विजय मत रायपुर ब्यूरो।

राजधानी रायपुर में युवकों का गैंगवॉर तो आम बात है. लेकिन अब राजधानी रायपुर में युवतियों के एक गैंग ने अपनी ही सहेली के घर जाकर उसके साथ जमकर मारपीट की और पीड़िता का दावा है कि उसे पंच (मुक्का) भी मारा.

इस पूरे मामले में पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 5 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है.

दरअसल राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत भावना नगर में एक फैशन डिजाइनर युवती के साथ घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है. घटना 3 अप्रैल को शाम करीब 6 बजे की बताई जा रही है, जब पीड़िता



अपने घर पर नहाने गई थी.

पीड़िता, जो मूलतः ओडिशा के बोलांगीर जिले की रहने वाली है और पिछले सात वर्षों से रायपुर में रहकर फैशन डिजाइनिंग का कार्य कर रही है, ने खम्हारडीह थाने में शिकायत दर्ज कराई है. उसने बताया कि पिछले एक माह से वह ईशा जांगड़े के मकान में किराए पर रह रही है.शिकायत के अनुसार, घटना के दिन पीड़िता की सहेली कोमल जैन ने फोन कर कपड़े लेने की बात कही. उस समय पीड़िता पार्लर में थी, शाम करीब 6 बजे वह घर लौटी. नहाने से पहले उसने अपनी पांच सोने की अंगूठियां टी-टेबल पर रख दी थीं.

इसी दौरान उसकी एक अन्य सहेली चंचल आहूजा घर पर मौजूद थी.नहाने के दौरान अचानक दरवाजे पर दस्तक हुई. चंचल ने दरवाजा खोला, तो अलिशा राजपूत, अलिशा मेहता, दिव्या धुरेजा, मंजू द्विवेदी, कोमल जैन और रानी साहू घर में घुस आई. पूछताछ के बाद दिव्या धुरेजा ने बाथरूम का दरवाजा लात मारकर खोल दिया और पीड़िता से उसकी एक अन्य सहेली आएशा राव के बारे में सवाल करने लगी. इसी बीच आरोपितों ने पीड़िता का मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया ।

## पुलिस ने कुछ ही घंटे में सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, 4 गिरफ्तार

विजय मत रायपुर ब्यूरो।

रायपुर के एक्सप्रेस वे में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने कुछ ही घंटे में सुलझा ली। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने हत्या के साथ-साथ 8 जुलाई को लूट के वारदात को भी अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया, आरोपियों ने लूट को अंजाम देने की नियत से दुखित राम यादव पर पहले चाकू से वार कर उसका मोबाईल फोन लूट लिए थे। दुखित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 9 जुलाई को उसके मृत्यु हो गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद भावेश यादव, नंदू सोना और चेतन निषाद ओडिसा फरार हो गए थे। आरोपी भावेश यादव और अजय पहले पूर्व में भी चोरी के प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुके हैं। चारों नशीले प्रवृत्ति के हैं।आरोपियों के कब्जे से मृतक का मोबाईल फोन, घटना में प्रयुक्त चाकू और घटना के दौरान आरोपियों द्वारा पहने गये कपड़ों को जप्त किया है। पुलिस को पूछताछ में चारों ने बताया कि घटना के दिन सभी खम्हारडीह के एक सूनसान स्थान



में बैठकर शराब पी रहे थे, शराब पीने के दौरान चारों ने लूट करने की योजना बनाई और लूट की घटना को अंजाम देने की नियत से एक्सप्रेस-वे रोड के एक अंधेरे व सूनसान स्थान पर खड़े हो गये। कार्रवाई में एण्टी क्राईम और सायबर यूनिट से प्रधान आरक्षक कृपासिंधु पटेल, मोहम्मद सुल्तान, महेन्द्र राजपूत, आरक्षक राजिक खान, दिलीप जांगड़े, प्रमोद बेहरा, उपेन्द्र यादव, रवि तिवारी, विकास क्षत्री, संतोष सिन्हा, घनश्याम साहू, महिला आरक्षक बबीता देवांगन और थाना खम्हारडीह से सहायक उपनिरीक्षक रमेश चंद यादव की महत्वपूर्ण भूमिंका रही।

## बद्री प्रसाद गुप्ता ने सम्हाला जोन 6 अध्यक्ष का पदभार

रायपुर। जोन क्रमांक 6 के नवनिर्वाचित जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता ने भाठागांव स्थित अंतर राज्यीय बस स्टैण्ड परिसर के तृतीय तल पर स्थित जोन 6 कार्यालय के अध्यक्षीय कक्ष में पहुंचकर चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी के पावन अवसर पर पूजा- अर्चना कर पदभार सम्हाल लिया।

जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल और कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बुके प्रदत्त कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, छ. ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन ( नागरिक आपूर्ति ) के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, छ. ग. राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता, छ. ग. आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परम्परा एवं पादप औषधी बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास



मरकाम, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, रायपुर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री अशोक बजाज, रायपुर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि श्री विजय अग्रवाल, नगर निगम के एमआईसी सदस्य श्री मनोज वर्मा, श्री अमर गिदवानी, श्री भोलाराम साहू, सभी एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, छ. ग. राज्य कर्मकार सन्निर्माण मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री मोहन एंटी, पूर्व पार्षद श्री रामकृष्ण धीवर भुण्डा, श्री गोपी साहू सहित अनेक विशिष्टजनों उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को खनिज राजस्व में ऐतिहासिक सफलता

**वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14,195 करोड़ का रिकॉर्ड खनिज राजस्व प्राप्त**

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद के निर्देशन में छत्तीसगढ़ ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज राजस्व प्राप्ति में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश में संचालित खनन संक्रियाओं से 14,195 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड खनिज राजस्व प्राप्त हुआ है, जो विगत वर्ष 2023-24 के 12,795 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 11त्न की वृद्धि (1400 करोड़ रुपये अधिक) दशार्ता है।

**प्रदेश में खनिज राजस्व प्राप्ति में दंतेवाड़ा अव्वल-** वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के खनिज राजस्व संग्रहण में जिला दंतेवाड़ा ने सर्वाधिक 6580




करोड़ रुपये का योगदान देकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा, कोरबा से 2148 करोड़, रायगढ़ से 2027 करोड़, बालोद से 1313 करोड़, सरगुजा से 585 करोड़, बलौदाबाजार से 354 करोड़, कांकेर से 328 करोड़, तथा सूरजपुर से 155 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय राजस्व भागीदारी दर्ज की गई है।

खनिज संसाधनों में राष्ट्रीय भागीदारी-छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों की दृष्टि से देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में मात्र 4त्न की हिस्सेदारी होते हुए भी छत्तीसगढ़ का देश के कुल खनिज उत्पादन मूल्य में 16त्न से अधिक की भागीदारी है। यहां मुख्य रूप से लौह अयस्क, कोयला, चूनापत्थर और बाक्साइट के विशाल भंडार हैं, जो खनिज राजस्व के प्रमुख स्त्रोत हैं। इसके अलावा, राज्य में सामरिक महत्व के खनिजों सहित कुल 28 प्रकार के खनिज भंडार की पुष्टि हुई है।ई-नीलामी प्रणाली से अतिरिक्त राजस्व-वर्ष 2015 से खनिज विभाग द्वारा खनिजों का ई-नीलामी के माध्यम से आबंटन की कार्यवाही की जा रही है, जिससे रॉयल्टी के अलावा प्रीमियम के रूप में अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो रही है।

**खास-खबर**

#### हिंदू जनजागृति समिति और हिंदुत्वनिष्ठों का प्रतिनिधिमंडल मिला सीएम साय व उपमुख्यमंत्री

# छत्तीसगढ़ राज्य में लव जिहाद और धर्मांतरण विरोधी सख्त कानून बनेगा, मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

विजय मत रायपुर ब्यूरो।

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार हिंदू समाज की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठा रही है। राज्य में लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण को पूरी तरह रोकने के लिए आगामी विधानसभा सत्र में सख्त कानून लाने का निर्णय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लिया है। हिंदू जनजागृति समिति और हिंदुत्वनिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ हुई विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि, छत्तीसगढ़ में लव जिहाद और धर्मांतरण विरोध में भारत का सबसे प्रभावी कानून हम ला रहे हैं। आने वाले सत्र में इस कानून को पारित कराने के लिए हमारी पूरी तैयारी है।ह्व

राज्य में हलाल सर्टिफिकेशन एक आर्थिक षड्यंत्र है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए राज्य सरकार गंभीर



है। इस संबंध में जल्द ही महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे, ऐसा मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया। राज्य में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ की समस्या पर भी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। अब तक 800 लोगों की जांच की जा चुकी है और कुछ पर कार्रवाई भी हुई है। भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयाँ जारी रहेंगी, ऐसा मुख्यमंत्री ने बताया।इस महत्वपूर्ण चर्चा में हिंदू जनजागृति समिति के साधक और अन्य धर्मप्रेमी उपस्थित थे। समिति की ओर से महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ राज्य संगठक सुनील घनवट, हेमंत कानसकर, मंगेश खंगन और नीरज क्षीरसागर ने भाग लिया। इसके अलावा गौरक्षा सेवा दल के कार्यकर्ता अंकित दिवेदी, हिंदुत्ववादी प्रवेश तिवारी, लक्ष सनातन संगठन के संस्थापक विशाल ताम्रकार, शिवसेना रायपुर के जिलाध्यक्ष आशीष परेडा और प्रतीक रिजवानी भी उपस्थित थे।इस बैठक के दौरान लव जिहाद विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून, बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और हलाल प्रमाणपत्र पर प्रतिबंध लगाने की मांगों का ज्ञापन समिति की ओर से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को सौंपा गया। इस पर उन्होंने सभी मुद्दों पर सख्त कानून बनाने का स्पष्ट आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हिंदू समाज की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हिंदू धर्म, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए सरकार ठोस निर्णय लेगी।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल


# जीवन की मर्यादा है श्रीराम का जीवन

श्रीराम जीवन की मर्यादा हैं। सांस्कृतिक प्रेरणा है। समरसता का पर्याय हैं। भारतीय सांस्कृतिक दर्शन की धारा को प्रवाहित करने वाले भारतीय साहित्य में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव सदैव समाहित रहा है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण और संत तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस ने सामाजिक समरसता के भाव का प्रवाहन बहुत ही गहनता से किया है। उदारता के भाव से अनुप्राणित भारतीय साहित्य निश्चित ही विश्व समुदाय को अहिंसा और सामाजिक समरसता का धरातलीय संदेश देता है। जिसकी वर्तमान में पूरे विश्व को अत्यंत आवश्यकता है। वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है। वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।


# भाजपा : लोकमंगल के संकल्प की एक अनुपम यात्रा



विष्णुदत्त शर्मा

> आज की पीढ़ी को यह जानना चाहिए कि 1980 के दशक का कालखंड भारतीय राजनीति का टर्निंग प्वाइंट था, जब भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। देश के राष्ट्रवादी समूहों ने एक सपना देखा था, जिसमें भारतीय गौरव की पुनर्स्थापना, भारत के आध्यात्मिक उत्कर्ष, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के विचार-बीज थे। आज वे बीज फलदार बृक्ष हो चुके हैं। 45 साल में वे सारे सपने साकार हो चुके हैं। राजनीतिक क्षेत्र में यह आश्चर्य का विषय हो गया है कि कैसे एक पार्टी 2 सीटोंसे अपनी यात्रा शुरू करते हुए सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी बनकर आज राजनीति के प्रतिमान बदल रही है।

स्वाधीनता के बाद 1951 में जब पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ बनाया था तबविरोधीउनकी हँसी उड़ाते थे कि ये क्या राजनीति करेंगे और जब 1980 में भाजपा की स्थापना हुई तो उनके ताने बढ़ते गये। उस दौर में अटल जी ने कहा था- अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। आज भाजपा सारी चुनौतियों को ध्वस्त करके भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी है, केंद्र सहित डेढ़ दर्जन राज्यों में सरकार है औरसबसे पुरानी पार्टी का दावा करने वाले पारिवारिक गिरोह न केवल सत्ता को तरस रहे हैं बल्कि अपनी तथाकथित पारंपरिक सीटें भी गँवा बैठे हैं। अपनी 45 वीं वर्षगांठ मना रही भाजपा ने भारत की राजनीति में जो रास्ता चुना था, उस पर चलकरइसने सारी दुनिया को चकित किया है। पार्टी ने आज देश को भ्रष्टाचार, परिवारवाद, अपराधीकरण, जातिवाद, तुष्टिकरण, आतंकवाद जैसे घावों से मुक्ति दिलाईहै। साथ ही उन सभी मुद्दों को हल करके राजनीति में नया अध्याय लिख चुकी है, जिनकापार्टी ने अपनी स्थापना के समय संकल्प लिया था। कश्मीर में धारा 370 की विदाई या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण से लेकर वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव तक के सभी संकल्प भाजपा ने पूरे किये हैं। अपनी कथनी और करनी से आज यह सर्वाधिक विश्वसनीय पार्टी बनी है तथाजिसकोकरोड़ों लोगों ने अपनाकर विश्व का सर्वोच्च दल बनाया है। पार्टी विद डिफरेंस के नारे को मूर्त रूप देकर कार्यकर्ताओं ने सारी दुनिया को सियासत का अनूठा स्वरूप दिखाया है।



भाजपा स्थापना दिवस पर विशेष

हालांकि भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को हुआ, परन्तु इसका अतीत भारतीय जनसंघ से जुड़ा है। स्वतंत्रता प्राप्ति तथा देश विभाजन के बादबढ़ते अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, लाइसेंस-परमिट-कोटा राज, राष्ट्रीय असुरक्षा, राष्ट्रीय मसलों जैसे कश्मीर आदि पर घुटनाटेक नीति, अंतर्राष्ट्रीय मामलों में भारतीय हितों की अनदेखी आदि अनेक मुद्दों के गर्भ से जनसंघ का जन्म हुआ था। आपातकाल के बाद भाजपा की स्थापना सुदृढ़, सशक्त, समृद्धएवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु की गई थी, जिसमें पार्टी ने एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के मूल्यों से प्रेरणा लेकर'विश्व गुरू' के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। साथ ही संविधान सम्मत सभी नागरिकों को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, समान अवसर सुनिश्चित हो।पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपना वैचारिक दर्शन मानते हुए भाजपा ने अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा के संकल्प पर चलते हुए 45 सालकी अनुपम यात्रा पूरी की है। इस यात्रा में दीनदयाल जी के अंत्योदय से लेकर मोदी जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास जैसा अद्वितीय संकल्प पूर्ण हुए हैं।

भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अन्तर्गत गरीबी मिटाना केवल नारा नहीं, उसका संकल्प था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कोई भाषण नहीं, प्रतिबद्धता थी। कश्मीर में 370 की समाप्ति चुनावी जुमला नहीं, राष्ट्रीय एकात्मताका साक्षात संकल्प था। अन्त्योदय स्लोगन नहीं, यह गरीबों का जीवन स्तर उठाने का प्रण था, जिसे पार्टी का हर कार्यकर्ता 1980 से लेकर अब तक पूर्ण करने में सक्रिय हैं। अटल जी की सरकार द्वारा विपरीत परिस्थितियों में परमाणु परीक्षण हो, कारगिल विजय हो या नरेद्र मोदी जी द्वारा कश्मीर में 370 की समाप्ति हो, श्रीराम मंदिर निर्माण हो या वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव हो, ये भाजपा की राजनीति में वे मील पत्थर हैं, जो संकल्प से सिद्धि का मंत्र बनकर पीढियों को प्रेरित करते रहेंगे। आज स्थापना दिवस के प्रसंग में भाजपा के उत्कर्ष में अमूल्य योगदान देने वाले नेतृत्व की चर्चा जरूरी है। अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर नरेंद्र मोदी तक पार्टी नेताओं ने संकल्प और साहस का नया इतिहास रचा है। भारत को परमाणु शक्ति बनाने से लेकर चंद्रयान-मंगलयान की यात्रा तक की उपलब्धि चुनावी राजनीति से अलग एक अदम्य साहस और देशभक्त नेतृत्व का प्रमाण है।2014 से लेकर 2025 तक गरीबों के मसीहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने अपने सभी संकल्पों को एक-एक करके पूर्ण करते हुए भारत को सशक्तबनाया है।आज भारत के लगभग सभी तीर्थ केंद्र विकास का नया प्रतिमान गढ़ रहे हैं। निरंतर उपेक्षा का दंश झेल रहे हमारे प्राचीन आध्यात्मिक केंद्रोंका गौरव भी पुनर्स्थापित हुआ है। यही नहीं, भाजपा ने अपने वैचारिक आचरण से देश की राजनीतिक संस्कृति को भी बदला है।एक ओर जहां परिवारवादी, तुष्टिकरण और जातिवादी राजनीति का दौर समाप्त हो गया, वहीं अब धर्म-संस्कृति की बात करना सांप्रदायिक होना नहीं है। राष्ट्रवाद की चर्चा अब संकुचित मानसिकता का परिचायक नहीं है। सरकार की ओर से देवालयों का विकास करना, अब ध्रुवीकरण नहीं है। भारतीयता की बात करना और मातृभाषा में काम करना अब पिछड़ापन नहीं है। हिन्दुत्व का विचार अब सर्वग्राही बन गया है। अपनी प्रखर व प्रतिबद्ध कार्यशैली से भाजपा ने देश के राजनीतिक विमर्श को परिवर्तित करने में ऐतिहासिक सफलता पायी है। इस पड़ाव पर भाजपा अपनी पंचनिष्ठाओं की नींव पर न केवल गर्व सेस्वयं खड़ी है बल्कि उसके सहयोगी दल भी उसके साथ कंधा मिलाकर खड़े हैं। अभी-अभी वक्फ बोर्ड कानून संशोधन मामले में सारी दुनिया ने देखा है। राज्य भाजपा इकाई का अध्यक्ष होने के नाते अपने अनुभव से कह सकता हूं कि विजन, संगठन, नेतृत्व और कार्यकर्ता- इन चारों अंगों के कारण भाजपा कैडर आधारित पार्टीबनी है। अटल जी, लालकृष्ण आडवानी जी, नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी और जय प्रकाश नड्डा तक पार्टी का नेतृत्व करने वाले अनेक लोग इसी कैडर की गंगोत्री से निकले हैं। आज नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व ने भाजपा के विजन और संगठन का अतुल्य विस्तार किया है तो पार्टी की विकास- यात्रा में गृह मंत्री अमित शाह का योगदान भी स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो चुका है।

**लेखक-भाजपा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं।**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# रामनवमी : मर्यादा, न्याय और धर्म की विजय का पर्व

**योगेश कुमार गोयल**

> मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ रामनवमी का त्यौहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 6 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं तथा अयोध्या स्थित सरयू नदी में पवित्र स्नान कर पंचकोसी की परिक्रमा करते हैं। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आती है और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ती है। देशभर में अन्य स्थानों पर भी जगह-जगह इस दिन श्रद्धापूर्वक हवन, व्रत, उपवास, यज्ञ, दान-पुण्य आदि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है।

महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मर्यादा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े।



रामनवमी पर विशेष

वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14000 राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया।

कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए।

वास्तव में विधि के विधान के अनुसार राम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें 'मर्यादा पुरूषोत्तम' कहा गया।

जहां तक राम-रावण के बीच हुए भीषण युद्ध की बात है तो वह सिर्फ दो राजाओं के बीच का सामान्य युद्ध नहीं था बल्कि दो विचारधाराओं का संघर्ष था, जिसमें एक मानव संस्कृति थी तो दूसरी राक्षसी संस्कृति। एक ओर क्षमादान की भावना को महत्व देने वाले व जनता के दुख-दर्द को समझने एवं बांटने वाले वीतरागी भाव थे तो दूसरी ओर दूसरों का सब कुछ हड़प लेने की राक्षसी प्रवृत्ति। रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के। यही नहीं, सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मर्यादाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी 'आदर्श' शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को 'रामराज्य' कहकर परिभाषित किया जाता है। 'रामराज्य' यानी सुख, शांति एवं न्याय का राज्य।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# मजबूत होगी दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था

**आशुतोष कुमार सिंह**

27 वर्षों के बाद दिल्ली की सत्ता में काबिज़ हुई भाजपा सरकार द्वारा जारी पहला बजट स्वास्थ्य के लिहाज से संतोषप्रद कहा जाता सकता है। इस बजट में स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया है। कुल बजट का तकरीबन 13 फीसद राशि स्वास्थ्य के मद में आवंटित किया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि दिल्ली की स्वास्थ्य रेखा को और विस्तृत किया गया है। दिल्ली विधानसभा के चुनावों में स्वास्थ्य एक बड़ा विषय उभर कर सामने आया था, खासतौर पर मौजूदा सरकार द्वारा केन्द्र द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री योजना को नहीं लागू करने के कारण आम आदमी सरकार की खूब किरकिरी हुई थी। इस बजट में आयुष्मान संबंधित योजनाओं के लिए 2144 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जिसमें 400 आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए 320 करोड़ रुपये, क्रिटिकल केयर ब्लाक और डायग्नोस्टिक्स बनाने के लिए 1666.66 करोड़ रुपये, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए 147.64 करोड़ रुपये और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के लिए 9.92 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। कुल स्वास्थ्य बजट की बात की जाए तो पिछले वर्ष के 8,685 करोड़ के प्रावधान के मुकाबले इस बार के बजट में 12,893 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कोविड काल में दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी, लोगों को उपचार के लिए दर-दर की ठोकरे खानी पड़ रही थी। कोविड तो खैर एक महामारी थी लेकिन सामान्य दिनों में भी दिल्ली के अस्पतालों में उपचार कराने के लिए बेड मिलना आसान नहीं है। विगत वर्षों में 1000 आबादी पर अस्पतालों में स्वीकृत बेडो की उपलब्धता देखी जाए तो 2017-18 में जहां सबसे ज्यादा 2.99 फीसद बेड उपलब्ध थे, वहीं 2022-23 में घटकर 2.70 हो गए। ये आंकड़े यह दिखाते हैं कि पूर्ववर्ती सरकारों ने बढती आबादी के अनुसार बेडो की संख्या को बढ़ाने पर जोर नहीं दिया। नई सरकार द्वारा प्रस्तुत पहले बजटीय भाषण में सूबे की मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानको के अनुरूप यानी 1000 की आबादी पर 5 बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में उनकी सरकार कोशिश करेगी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8328

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | ■ | 20 | | 21 | ■ | ■ | |
| 22 | 23 | ■ | | ■ | | ■ | 24 | |
| ■ | 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत -3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण -2
15. बारबाला, मधुबाला
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां, मम्मी, मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

### ऊपर से नीचे

1. नाज, नखरा, चौंचला-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात -3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2


### शब्द पहेली -8327 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | कु | ली | न | ■ | ■ | ह | ■ | श |
| शा | ■ | प | ■ | क | म | ल | ■ | र |
| दी | न | ई | मा | न | ■ | क | स | म |
| ■ | ■ | य | ■ | क | ल | ■ | हा | ■ |
| क | ल | र | व | ■ | त | क | रा | र |
| ■ | की | ■ | ध | न | ■ | मा | ■ | ■ |
| भ | र | म | ■ | क | हा | नी | का | र |
| ला | ■ | का | ज | ल | ■ | दा | ■ | ण |
| ई | ■ | न | ■ | ■ | का | र | ण | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**6 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.15 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृष | 07.55 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.53 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.07 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.23 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.35 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.46 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.00 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.16 बजे से |
| **राहुकाल** | | मकर | 01.21 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | कुंभ | 03.08 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.41 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 96 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 19.24 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य अहोरात्र।
**योग** सुकर्मा 18.55 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 07.20 बजे तदनन्तर कौलव 19.24 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 07.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 28'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872306
**जूलियन दिन** 2460771.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल **तारीख** 07
**विशेष** श्रीराम नवमी, स्वामीनारायण जयंती, महातारा जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पूर्व मंत्री पटेल के पिताजी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल के अमरपाटन स्थित निवास पहुंचकर पटेल के पिताजी के दु:खद निधन पर श्रद्धांजलि दीं और शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

### मंत्री डॉ. विजय शाह की अध्यक्षता में जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण की दो दिवसीय कार्यशाला 7 एवं 8 अप्रैल को

**भोपाल।** जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह की अध्यक्षता में जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की दो दिवसीय प्रशिक्षण सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला 7 एवं 8 अप्रैल को आयोजित की गई है। प्रशासन अकादमी भोपाल में आयोजित प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला में संभागीय एवं जिला अधिकारी भाग लेंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला में मैदानी स्तर पर तैनात अधिकारियों को विभाग के दैनंदिनी कार्यों के साथ विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आई.टी के उपयोग एवं ई-ऑफिस प्रशिक्षण के रूप में एम.पी. टॉस्क पोर्टल के लाइव मॉडल्स का प्रशिक्षण शामिल किया गया है। प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन विधि संगत प्रकरणों, अनुदान, सी.एम. हेल्प लाइन प्रकरणों के निराकरण एवं विशेष प्रकरणों में खात्मे एवं लेखा विषयों पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा सत्र को संबोधित किया जाएगा। छात्रावासों के नियम, छात्रवृत्ति, अत्याचार अधिनियम एवं अन्य विषय विशेष पर वरिष्ठ अधिकारी संबोधित करेंगे।

### किसान गेहूँ विक्रय के लिए 9 अप्रैल तक करा लें पंजीयन: कंषाना

**भोपाल।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। किसान भाइयों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी है। जिन किसानों ने अभी तक अपना पंजीयन नहीं कराया है, वे 9 अप्रैल तक पंजीयन जरूर करा लें। मंत्री कंषाना ने बताया कि गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

### कूनो से बाहर ज्वाला अपने शावकों के साथ काट रही मौज, पार्क के अधिकारियों-कर्मचारियों की बढ़ी परेशानी, गांवों में फैली दहशत

**भोपाल।** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकलकर मादा चीता ज्वाला अपने शावकों के साथ बाहर घूम रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने जब उन्हें देखा तो दहशत में आ गए और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। इस दौरान चीतों ने मवेशियों को अपना शिकार बनाया। कूनो नेशनल पार्क से फिर एक बाहर चीते का झुंड बाहर निकला है। जिसमें मादा चीता ज्वाला ने उसके शावकों के साथ गांव में दस्तक दे रखी है। उमरिकला गांव में चीता ज्वाला अपने शावकों के झुंड के साथ मौजूद है। जिसने खेतों में बकरियों का शिकार किया है। गांव के मौजूद किसानों के सामने मवेशियों को अपना शिकार बनाया है। जिसका वीडियो भी सामने आया। साथ में कूनो नेशनल पार्क की ट्रेकिंग टीम भी मौके पर मौजूद है। बता दें पिछले कई दिनों से चीतों का यह झुंड बाहर घूम रहा है। विजयपुर तहसील के ऊमरीकला गांव में खेतों में किसानों के मवेशियों पर अटैक किया है। कूनो नेशनल पार्क से बाहर चीतों का यूं विचरण करना, वन विभाग के लिए चिंता का विषय बन गया है। वन विभाग की टीम अब चीता और उसके शावकों की लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। लोगों का कहना है कि वे रात में बाहर निकलने से डर रहे हैं। कुछ ग्रामीणों ने अपने पशुओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। इन दिनों चीतों का परिवार कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकल आया है। ये चीते लगातार पालतु जानवरों से लेकर जंगली जानवरों का शिकार कर अपना पेट भर रहे हैं। खास बात यह रही कि अभी तक चीतों ने किसी इंसान को अपना शिकार नहीं बनाया है। वीरपुर क्षेत्र में चीतों ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपना डेरा डाल लिया था। चीतों के परिवार ने करीब 4 दिन तक इस क्षेत्र में महज चार दिन में कई मवेशियों का शिकार किया और अपना पेट भरा।

# भोपाल में वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों पर कब्जा करने वाले जाएंगे जेल: आलोक शर्मा

**विजय मत, भोपाल**

लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल पास हो गया है। अब इसे लेकर समर्थन और विरोध में नेताओं के बयान भी सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कहा है कि वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों पर कब्जा करने वाले सेंट्रल जेल जाएंगे। उन्होंने ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल का कुछ लोग विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कतिपय नेताओं के नाम उजागर होने वाले हैं। उन्हें दिक्कत हो रही है। लीड करने वाले नेता विरोध कर रहे हैं। वक्फ की सम्पत्तियों से चौथ वसूली होती है। सभी सम्पत्तियों की जांच होगी। सम्पत्तियों के नाम पर लूटपाट करने वालों पर अपराध पंजीबद्ध होगा, इनको सेंट्रल जेल भेजा जाएगा।

### मुस्लिम समाज के गरीबों को न्याय दिलाने के लिए बना कानून

आलोक शर्मा ने कहा कि यह कानून मुस्लिम समाज के गरीबों और बहनों को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है। नरेंद्र मोदी सरकार ने तीन तलाक कानून के बाद अब वक्फ कानून के जरिए इस दिशा में एक और कदम उठाया है।उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत से पारित हो चुका है। बहुत जल्द राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून लागू हो जाएगा।



### चच्चा, मम्मा, पहलवान जैसे बड़े लोगों ने किया अतिक्रमण

शर्मा ने कहा कि चच्चा, मम्मा, पहलवान जैसे बड़े लोगों ने वक्फ की जमीनों पर अतिक्रमण किया है, या गलत इनायत हिब्बेनामे बनाकर जमीन कहीं की, रजिस्ट्री कहीं की और निर्माण कहीं और किया है तो अब उनका खेल खत्म होगा। जिन्होंने भी इंक्रोचमेंट किया है, वे सब जेल जाएंगे। आलोक शर्मा ने वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जे और भ्रष्टाचार के बड़े खेल को खत्म करने की बात कही है।

*कानून बनेगा और दोषियों को सजा मिलेगी... सांसद शर्मा ने कहा कि महापौर रहते पुराने भोपाल को नए भोपाल से जोड़ने के लिए स्मार्ट रोड बनाई थी, जिसका विरोध भी हुआ, लेकिन जनसेवा उनकी प्राथमिकता रही। वक्फ के नाम पर भ्रष्टाचार और चोरी करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। कानून बनेगा और दोषियों को सजा मिलेगी। भोपाल में जमीन पर लूट-खसोट की इजाजत नहीं दी जाएगी। मुस्लिम समाज के गरीबों की सेवा ही उनका लक्ष्य है। शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार और मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव की सरकार बेहतर काम कर रही है। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील की कि वे इस कानून का समर्थन करें, ताकि वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल स्कूल, कॉलेज और अस्पताल जैसे जनकल्याण के कार्यों में हो सके।*

### बोर्ड की जमीन किराए पर चला रहे कांग्रेसी नेता

आलोक शर्मा ने कांग्रेस के कुछ नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन लोगों ने वक्फ कमेटी के जरिए जमीनों पर अतिक्रमण किया और उन्हें किराए पर चलाया। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में ऐसे नेताओं के नाम सामने आएंगे। सांसद ने सिकंदरी सराय, लक्ष्मी टॉकीज और आरिफ नगर जैसी जगहों का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि वहां वक्फ की जमीनों पर किसका कब्जा है और कौन अवैध वसूली कर रहा है। से शर्मा ने कहा कि वह मुस्लिम समाज के नौजवानों, माताओं-बहनों की शिकायतों को सुनते हैं। उन्होंने ताजुल मस्जिद के पास सिद्दीक हसन तालाब का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां रातों-रात नर्सिंग होम तक बना दिए गए।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर की मीडिया से चर्चा**

# 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर चलेगा घर-घर जनसंपर्क अभियान: वीडी

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस भाजपा प्रदेश कार्यालय सहित प्रदेश के सभी 65 हजार 14 बूथों पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता घर-घर पार्टी का ध्वज फहराकर मिठाईयां बांटेंगे।

इसी दिन बूथ और विधानसभा स्तर पर आयोजित सम्मेलनों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी, धारा-370, नागरिक संशोधन अधिनियम, ट्रिपल तलाक, पार्टी की चुनावी सफलताएं, संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर यात्रा जैसे विषयों पर संबोधन होगा।



### बाबा साहब की प्रतिमाओं की सफाई कर मनायेंगे दीपोत्सव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई कर संध्या के समय दीपोत्सव मनाया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान्न वितरण के साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करेंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में परिसर की स्वच्छता अभियान के साथ ही पेयजल व अन्य सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाएगा। 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के वरिष्ठ नेताओं के साथ कम से कम 2 सत्रों की जिला स्तरीय संगोष्ठियों में कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के अपमान और भाजपा द्वारा उन्हें दिए जा रहे सम्मान पर चर्चा की जायेगी।

### अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें कर रहीं गरीबों का कल्याण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 1980 में जब भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई तब पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था सूरज निकलेगा, अंधेरा छटेगा और कमल खिलेगा। आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और केंद्र सहित देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों का कल्याण करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर उनके जीवन में बड़ा बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं श्रद्धेय अटलबिहारी बाजपेयी के सपने को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कर रहे हैं।

### 'गांव-बस्ती चलो अभियान' में हिस्सा लेंगे पदाधिकारी और जनप्रतिनिधी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर नए प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन आयोजित होंगे। 7 से 13 अप्रैल के बीच पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि "गांव-बस्ती चलो अभियान" के अंतर्गत पूरे दिन गांव, मोहल्ला एवं सेवा बस्तियों का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल एवं गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत कर आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करेंगे। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के झंडे लेकर गलियों में यात्रा निकालेंगे। संध्या के समय स्थानीय निवासियों की चौपाल का आयोजित करने के साथ ही विभिन्न समुदाय के नेताओं एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के निवास पहुंचकर भेंट करेंगे। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं, मीसा बंदियों तथा कारसेवकों का सम्मान कर बूथ समितियों की बैठक में शामिल होंगे।

# अब रोज चलेगी ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी, मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से मिली मंजूरी



**विजय मत, ब्यूरो, शिवपुरी**

ग्वालियर चंबल क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग इस बार नवरात्रि में पूरी हुई। क्षेत्रवासी लंबे समय से मांग कर रहे थे कि ग्वालियर से भोपाल तक जाने वाली इंटरसिटी जो वर्तमान में हफ्ते में सिर्फ पांच दिन चलती है उसको प्रतिदिन चलाया जाए। इस मांग का संज्ञान लेते हुए मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिख ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी को प्रतिदिन चलाने की मांग की थी। उन्होंने जुलाई 2024 में पत्र लिखा था और कुछ महीनों के अंदर अंदर ही इस मांग को रेल मंत्रालय एवं मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंजूरी दी है।

### सिंधिया ने अपने एक्स पर किया केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ग्वालियर भोपाल ट्रेन को हफ्ते में सातों दिन चलाने की मंजूरी देने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद किया।

### यह गाड़ी अब अब प्रतिदिन चलेगी

अब तक ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस (12198/97) केवल पांच दिन ही संचालित होती थी, सिंधिया के प्रयासों से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसकी फ्रीक्वेंसी बढ़ाकर प्रतिदिन कर दी गई है। अब ग्वालियर चंबल के यात्री प्रतिदिन भोपाल तक की सुगम यात्रा कर सकेंगे। इस फैसले से ग्वालियर-चंबल शत के निवासियों को सीधे भोपाल के लिए बेहतर कनेक्टिविटी, अधिक यात्रा विकल्प और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

**कलियासोत को प्लास्टिक मुक्त बनाने की मुहिम**

# भोपाल के कॉलेज छात्रों ने वन विभाग और नगर निगम के साथ चलाया स्वच्छता अभियान



**विजय मत, भोपाल**

भोपाल में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। वन विभाग, तिंसा फाउंडेशन और नगर निगम ने मिलकर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया है। इस अभियान का लक्ष्य कलियासोत को पॉलीथीन से मुक्त करना है। शहर के विभिन्न कॉलेजों के छात्र स्वेच्छा से इस अभियान में जुटे हैं। नगर निगम के कर्मचारी और वन विभाग का फ्रंटलाइन स्टाफ भी इस अभियान में सक्रिय है। यह कदम शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार और भोपाल की सुंदरता को बनए रखने के लिए उठाया गया है। उप वन मंडलाधिकारी धीरज सिंह चौहान के अनुसार कलियासोत डैम क्षेत्र एक बाघ भ्रमण क्षेत्र है।

### उद्यानिकी विभाग के आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने उद्यानिकी विभाग के आयुक्त को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह में मांगों का निराकरण किया जाएगा। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि उद्यानिकी विभाग में स्थाई कर्मियों को 2022 से 2024 तक का महंगाई भत्ते का एरिया भुगतान नहीं किया गया है। वहीं शासन आदेश होने के बाद भी छिंदवाड़ा जिले सहित कई जिलों में दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को श्रम आयुक्त के कुशल श्रमिक के वेतन के स्थान पर कृषि नियोजन का वेतन भुगतान किया जा रहा है। इस कारण अनियमित कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है कर्मचारी मंच ने उद्यानिकी विभाग की आयुक्त से मांग की है कि नर्मदा पुरम जिले सहित समस्त जिले के स्थाई कर्मियों को महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान किया जाए।

# डीपीएस स्कूल की तनविजा अंडर-9 बैडमिंटन चैंपियन



**विजय मत, भोपाल**

हाल ही में आयोजित जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट में, जो 28 मार्च से 2 अप्रैल तक प्लेयर्स बैडमिंटन एरिना द्वारा विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित किया गया था, 6 वर्षीय तनविजा उज्जालिया (डीपीएस) अंडर - 9 आयुवर्ग में विजेता बनीं। यह टूर्नामेंट भोपाल जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। अंडर-9 गर्ल्स फाइनल में, तनविजा उज्जालिया ने अपने प्रतिद्वंदी को तीन सेटों में 18-21, 21-18, 26-24 के स्कोर से हराया।

# गोविंदपुरा में पेयजल की समस्या दूर करने बनेंगी 9 पानी की टंकियाँ: कृष्णा गौर

**विजय मत, भोपाल**




पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति और अन्य विषयों पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि गोविंदपुरा क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए पानी की 9 नई टंकियों का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें 10 लाख लीटर तक पानी भंडारित किया जा सकेगा। राज्य मंत्री गौर ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र की कार्य योजना और समस्याओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में दौरा करने पर अगर जनता पेयजल समस्या से जूझती नजर आई तो अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य मंत्री गौर ने पानी की समस्या वाली कॉलोनियों में बल्क कनेक्शन देने और सप्लाई की समय सीमा बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि जहां अति आवश्यक हो, वहां पानी की नई पाइप लाइन डाली जाए। बैठक में पार्षद छाया ठाकुर, ममता विश्वकर्मा, अर्चना परमार, उर्मिला मौर्य, विकास पटेल, राजू राठौर, नीरज सिंह, शिवलाल मकोरिया, रामबाबू पाटीदार, संतोष ग्वाला, वी. शक्ति राव, नीलेश गौर, लवकुश यादव, मोनिका ठाकुर, संजय सबनानी, एल.के. खरे और उदित गर्ग मौजूद रहे।

**खास-खबर** जल संरक्षण के लिए निरंतर बढ़ रही है जन सहभागिता

# कुओं, बावड़ियों और तालों के पुर्नजीवित होने से बढ़ने के साथ सुरक्षित रहेगा भूजल

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में जन-आंदोलन बन चुका है। मध्यप्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में जन सहयोग उमड़ रहा है। इसमें निरंतर जन सहभागिता बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के माँ क्षिप्रा के तट रामघाट से 30 मार्च को प्रदेश स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी जुटने से स्पष्ट है कि प्रदेश प्रधानमंत्री मोदी के 'जन सहयोग से जल संरक्षण' की मुहिम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अग्रिम पंक्ति में आ गया है।

राज्य सरकार खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। इसे सफल बनाने के लिए ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ में वर्षा जल संचयन, पुराने जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा उज्जैन से प्रारंभ किये गये अभियान में जल संरक्षण, जल स्त्रोंतो के पुनरूद्धार, भू-जल स्तर सुधार, पुराने कुओं-बावड़ियों के जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, पौध-रोपण, छोटी नदियों, तालाब जैसी जल संरचनाओं के संरक्षण करने के लिए चल रहे इस अभियान में अब जन सहयोग भी उमड़ने लगा है। उज्जैन जिला पंचायत सीईओ श्रीमति जयति सिंह के साथ जनपद पंचायत उज्जैन की टीम ने भी जन सहयोग से चिंतामण बावड़ी, गोठड़ा बावड़ी, राणावड़ बावड़ी और बामोरा बावड़ी की साफ-सफाई की। इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण की महत्ता जन-जन तक पहुँचाने के लिए धर्मगुरु भी जुड़ रहे हैं। धर्मगुरु अपने उपदेशों से जल की महत्ता जन-जन तक पहुँचा रहे हैं। इनकी प्रेरणा से नागरिक श्रमदान कर बावड़ी, कुँओं और तालाबों को संवार रहे हैं। इन्दौर जिले के बरलाई जागीर गांव में चारभुजा नाथ मंदिर सांवेर के गुरु आनंदाचार्य ने आश्रम के बटुकों के साथ पूजन-अर्चन किया।

# डगवेल रिचार्ज विधि से होगा भूजल पुनर्भरण

- प्रदेश में एक लाख कुओं को रिचार्ज करने का लक्ष्य

**विजय मत, भोपाल**

जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान में भूजल पुनर्भरण के लिए डगवेल रिचार्ज विधि अपनाने का निर्णय लिया है। इसमें राज्य में एक लाख कुओं को रिचार्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। यह पहल विशेष रूप से कृषकों को रबी की फसलों की सिंचाई हेतु स्थायी जल स्रोत उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी। डगवेल रिचार्ज विधि उथले जलभृत के पुनर्भरण का एक सरल और सुलभ उपाय है। इस विधि में वर्षा जल को रिचार्ज पिट/फिल्टर के माध्यम से कुंओं में प्रवाहित किया जाता है, जिससे भूगर्भीय जल स्तर में वृद्धि होती है। यह विधि भूजल स्तर बनाए रखने में मदद करती है और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। इस योजना में उन कुओं का चयन किया जाएगा जिनमें जल स्तर 10 मीटर से अधिक है और जो बरसात के बाद दिसंबर-जनवरी तक जल युक्त रहते हैं। मनरेगा अंतर्गत निर्मित कपिलधारा कुओं को भी इस योजना में सम्मिलित किया जा सकता है। यदि उनमें पूर्व में रिचार्ज पिट का निर्माण नहीं हुआ है। रिचार्ज पिट/फिल्टर का निर्माण कुंए से 3 से 6 मीटर की दूरी पर किया जाएगा। इसके लिए विशेष संरचना बनाई जाएगी जिसमें विभिन्न आकार के पत्थरों और मोटे रेत की परतें बिछाई जाएंगी, ताकि जल शुद्धिकरण और बहाव में कोई बाधा न आए।

## न्यूज इन शॉर्ट




### भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय का होगा नामकरण

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने स्थापना दिवस के अवसर पर बताया कि स्वाधीनता के बाद 1951 में जब पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ बनाया था तब विरोधी उनकी हँसी उड़ाते थे कि ये क्या राजनीति करेंगे और जब 1980 में भाजपा की स्थापना हुई तो उनके ताने बढ़ते गये। उस दौर में अटल जी ने कहा था- अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। आज भाजपा सारी चुनौतियों को ध्वस्त करके भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी है, केंद्र सहित डेढ़ दर्जन राज्यों में सरकार है और साथ ही सबसे पुरानी पार्टी का दावा करने वाले पारिवारिक गिरोह अब ना केवल सत्ता को तरस रहे हैं बल्कि अपनी तथाकथित पारंपरिक सीटें भी गँवा बैठे हैं। अपनी 45 वीं वर्षगांठ मना रही भाजपा ने भारत की राजनीति में जो रास्ता चुना था, उस पर चलकर इसने सारी दुनिया को चकित किया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया है कि 6 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 12:00 बजे कमला नगर स्थित संभागीय मुख्यालय जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय में झंडा वंदन कर स्थापना दिवस मनाया जाएगा साथ ही पार्टी कार्यालय में प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा इस अवसर पर नवीन भाजपा कार्यालय का नामकरण शहडोल संभाग की प्रथम महिला भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा द्वारा भाजपा कार्यालय का नामकरण किया जाएगा इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी गण इस कार्यक्रम में आवश्यक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कर अपनी सहभागिता निभाएं।

### गोल्डी बनी कल्याणिका में व्यायाम शिक्षिका



शहडोल। गोल्डी पाल का चयन माँ कल्याणिका पब्लिक स्कूल पेंड्रा- मरवाही में मार्शल आर्ट्स और योगा शिक्षिका के रूप में हुआ है। बताया गया कि गोल्डी पाल ओ पी एम के पास के एक गांव खमरोध कि रहने वाली है। उनके पिता का नाम दुर्गा पाल जो कि लकवा ग्रसित हैं और माँ का नाम अनीता पाल गृहिणी हैं। गोल्डी ने प्राइमरी शिक्षा गाँव तथा आगे कि पढ़ाई बालिका छात्रावास में रहकर पूरी की। छात्रावास में रहकर इन्होने कराते का प्रशिक्षण लिया। परिवार वाले 12वी पास करने के बाद वो वापस गॉव ले जाना चाह रहें थे, परन्तु उनके कोच प्रमोद विश्वकर्मा ने उनमे प्रतिभा को देखते हुए विश्वास दिलाया कि वे इस विधा में बनी रहें और आगे कि पढ़ाई भी जारी रखें। गोल्डी ने पूरे मन से मार्शल आर्टस सीखना और सिखाना प्रारम्भ किया और धीरे धीरे ब्लैक बेल्ट कि परीक्षा भी पास कर ली। इसी दौरान इन्होंने पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय से योगा में मास्टर डिग्री भी प्राप्त कर ली। वो लगातार कराते, लाठी और योगा का प्रशिक्षण विभिन्न विद्यालयों, छात्रावासों में देते रहें प्राप्त धन से अपने और परिवार का खर्च वहन करने लगी। इसी दौरान इन्होने नवोदय में भी अतिथि के रूप में भी मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण दिया। उनकी ये योग्यत और कौशल को देखते हुए, उनका चयन नियमित रूप से माँ कल्याणिका पब्लिक स्कूल पेंड्रा मरवाही (छ. ग.) में हुआ है। वही बताया जा रहा है की इसके पहले भी कई संस्था मे कराते/लाठी और योग का प्रशिक्षण गोल्डी द्वारा दिया जा रहा था उनकी इस उपलब्धि पर मार्शल आर्ट्स के संचालक प्रमोद विश्वकर्मा, शारीरिक शिक्षा एवं योग शिक्षक डा. आदर्श तिवारी, संजय सिंह कंघीकार, शिवानी नामदेव, अन्य खिलाड़ियों, परिजनों एवं मित्रजनों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी।

### श्री राजपूत करणी सेवा की आवश्यक बैठक मानपुर में



शहडोल। श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश स्तर के शीर्ष पदाधिकारियों की उपस्थिति में आज रविवार, 6 अप्रैल 2025 को शाम 4:30 बजे मानपुर स्थित शिव होटल में शहडोल संभाग स्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश प्रताप सिंह दादू करेंगे, जबकि करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। इस बैठक को लेकर संगठन के संभागीय प्रवक्ता राहुल सिंह राणा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम शहडोल संभाग के सभी जिलों शहडोल, उमरिया, अनूपपुर और डिंडोरी के संगठन पदाधिकारियों की सहभागिता के लिए आयोजित किया गया है। इस बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, सदस्यता अभियान, युवा जागरूकता कार्यक्रम, सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों, तथा भविष्य की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि करणी सेना लंबे समय से समाज के हितों की रक्षा, सामाजिक समरसता की स्थापना और राजपूत समाज के गौरव को संरक्षित करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसी क्रम में शहडोल संभाग में संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई गई है, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यों की समीक्षा की जा सके और आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जा सके। प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश प्रताप सिंह दादू ने करणी सेना के सभी संभागीय, जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारियों से इस महत्वपूर्ण बैठक में समय पर उपस्थित होकर अपने सुझाव और विचार साझा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती केवल पदाधिकारियों की सक्रियता और समर्पण से ही संभव है, और इसके लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस बैठक में आने वाले समय में करणी सेना द्वारा किए जाने वाले जनहित के आंदोलनों, सामाजिक न्याय के मुद्दों और युवाओं को जोड़ने हेतु चलाए जाने वाले विशेष अभियानों पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में शामिल होने वाले सभी सदस्यों को समय पर पहुँचने के निर्देश जारी किए गए हैं।

अठवाइन व हलुए का लगाया भोग, पूजा की थाल और हाथ में लोटा लिए जल चढ़ाने माता के दरबार पहुंचे श्रद्धालु

# नवरात्र अष्टमी–मंदिरों में सुबह से लगी रही भीड़

## श्रद्धालुओं ने अर्पित की चुनरी व श्रंगार की सामग्री, सुख समृद्धि के लिए मां से की प्रार्थना

**विजय मत, शहडोल।**

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु माता के मंदिर पहुंचे। हाथ में लोटा और पूजा की थाल लिए जय माता की जयघोष करते हुए नंगे पैर ही मां के दरबार पहुंच श्रद्धालुओं ने जल अर्पित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। अष्टमी के अवसर पर माता को चुनरी व श्रृंगार की सामग्री अर्पित करने के साथ ही अठवाइन का भोग लगाया।

माता रानी को अठवाइन चढ़ाने के लिए श्रद्धालु सुबह से ही तैयारी में लग गए थे। घर पर स्नान ध्यान के बाद अठवाइन, पूड़ी व हलुए का प्रसाद बनाकर मंदिर पहुंचे और माता रानी को भोग लगाया। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने मिला। नगर के दुर्गा माता मंदिर, खेर माई माता मंदिर, शारदा मंदिर पुलिस लाइन, बूढ़ी



माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई थी। माता के दर्शन का यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

### माता का विशेष श्रंगार, मंदिरों में साज सज्जा

अष्टमी पर्व को लेकर मंदिरो में विशेष तैयारी की गई थी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समुचित व्यवस्था की गई थी। साथ ही माता रानी का विशेष श्रंगार किया गया था। मंदिरो में माता रानी की विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

### भटिया माता का हुआ विशेष श्रृंगार

जैतपुर भटिया माता मंदिर में नवरात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर में 3100 जवारा कलश की स्थापना की गई है। अष्टमी के दिन माता की विशेष पूजा अर्चना की गई। वहीं शाम को अठमाइन चढ़ाने के दौरान देवी भगत का आयोजन हुआ, शाम को ममहाआरती की गई।

### जगमग दीपों के साथ हुई महाआरती

सिंहपुर माता मंदिर में अष्टमी के दिन अठमाइन चढ़ाने के साथ ही कन्या भोज कराया गया। वहीं शाम को महिलाएं अपने घरों से दीपों का थाल सजाकर मंदिर पहुंची, जहां जगमग दीपों के साथ माता की महाआरती हुई। मंदिर में इस बार लगभग 5 हजार जवारा कलश के साथ ही 19 घी व 20 अखंड ज्योति की स्थापना की गई है, नवमी के दिन काली नृत्य के साथ जवारे का विसर्जन रजहा तालाब में किया जाएगा। यहां काली नृत्य देखने के लिए आसपास के गांवों के लोग भी पहुंचते हैं। वहीं मेला भी लगता है।

### विराटेश्वरी धाम को खूबसूरत तरीके से सजाया गया

नगर के विराटेश्वरी धाम को नवरात्र में खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। हर रोज माता का अलग-अलग श्रृंगार किया जा रहा है। इस वर्ष मंदिर में 501 जवारा कलश व 51 अंखड ज्योति की स्थापना की गई है। अष्टमी को माता की विशेष पूजा करते हुए अठमाइन चढ़ाई गई। साथ ही कन्या भोजन का आयोजन होगा, शाम को माता की महाआरती होगी व प्रसाद वितरण हुआ।

# कालेज परिसर में छात्रों के साथ की गयी मारपीट

**विजय मत, ब्यौहारी।**

शासकीय कला एवं वाणिज्य कालेज में 04 अप्रैल को अजय बैस और प्रथम सोनी नामक पूर्व छात्र कालेज आये और कालेज के नियमित छात्र शिवम साकेत व विवेक साकेत के साथ मारपीट करने लगे और लहुलुहान हालत में लड़ते हुए प्राचार्य कक्ष तक पंहुच गये।

जिसके बाद शिवम व विवेक थाना पंहुच अपनी शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में आगे क्या कार्यवाही हुई इसकी जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। किंतु कालेज में पढ़ने बाले छात्र छात्राओं सहित शिक्षकों ने इस तथाकथित छात्र नेता की निरंकुशता पर अंकुश लगाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय परिसर के भीतर कालेज का पूर्व छात्र व खुद को छात्र संगठन एवीव्हीपी का नेता बताते हुए महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों पर रौब जमाते हुए आये दिन विबाद की



स्थित निर्मित करता है।

महाविद्यालय से जुड़े लोगों की मानें तो नगर में स्थित पंडित रामकिशोर शुक्ल स्मृति शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश बैस का भतीजा अजय बैस जो इस कालेज का पूर्व छात्र है और छात्र इकाई एवीव्हीपी का खुद को पदाधिकारी बता आये दिन कालेज में छात्रों को उकसा कर हड़ताल आंदोलन कराता रहता है। धौंस जमाने के चक्कर में अध्ययनरत छात्रों को परेशान कर उनसे मारपीट तक करता रहता है। थाने में इसकी अनेकों बार शिकायत हुई लेकिन कोई कार्यवाही न होने से इसके हौसले बुलंद हैं।

### बुढार पुलिस ने की जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। थाना बुढार क्षेत्रांतर्गत 4 अप्रैल को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धनपुरा में कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर बुढार पुलिस द्वारा उक्त सूचना स्थान पर दबिश देकर आरोपियों 01. टेकीदास वर्मा पिता रामखिलावन वर्मा उम्र 36 वर्ष, 02. अर्जुन ढीमर पिता स्व0 मोहन ढीमर उम्र 38 वर्ष एवं 03. द्वारका वर्मा पिता अशोक वर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी छोट धनपुरी के कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 1,260 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# सर्व हिंदू समाज ने निकाली भव्य रामरथ शोभा यात्रा



**विजय मत, शहडोल।**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को भव्य रामरथ शोभायात्रा सर्व हिंदू समाज द्वारा निकाली गई।

यात्रा जय स्तंभ चौक से निकालकर राजेंद्र टॉकीज चौक, गांधी चौक, जैन मंदिर होते हुए राम मंदिर धाम में यात्रा का समापन हुआ।

यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा, भाजपा विधि प्रकोष्ठ सहसंयोजक चंद्रेश द्विवेदी, नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, सूर्यकांत मिश्रा (निराला), अमित मिश्रा, गोपाल शर्मा, उर्मिला कटारे, निभा गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# जल का संचयन कर सही तरीके से करे उपयोग

**विजय मत, शहडोल।**

जल के बिना, जीवन असंभव है, और इसलिए हमें जल का संचयन करना चाहिए और इसका सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और जल के महत्व के बारे में जागरूकता फैलानी चाहिए। हमें जल का महत्व समझना चाहिए और इसका संरक्षण करना चाहिए, ताकि हमारा भविष्य सुरक्षित हो सके। ÷जल को बचाएं जीवन को बचाएं÷, ÷जब तक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है÷ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला शहडोल के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम जोधपुर विकास खंड सोहागपुर में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक द्वारा जल का महत्व बताने हेतु चौपाल लगाई गई। चौपाल में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय ने जल का महत्व बताते कहा कि जल जीवन का मूल आधार है। यह न केवल पीने के लिए आवश्यक है, बल्कि कृषि उद्योग, परिवहन और ऊर्जा उत्पादन में भी अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल के बिना न केवल जीवन संभव नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर जीवन का संतुलन भी अस्तित्व में नहीं रह सकता।

# बाघ अंगों की तस्करी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत, शहडोल।**

वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों से पांच नाखून और दो मोटरसाइकिल बरामद की। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने ये नाखून अमगांव के पास जंगल में मृत पड़े बाघ के शव से निकाले थे। बाघ के नाखूनों की तस्करी करते तीन आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। यह नाखून संजय गांधी टाइगर रिजर्व में मृत पड़े बाघ से आरोपियों ने निकले थे और बिक्री करने की फिराक में थे। तभी वन विभाग की विशेष टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से पांच नाखून और दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। यह कार्रवाई वन संरक्षक अजय पाण्डेय और वनमंडलाधिकारी तरूणा वर्मा के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अमझोर में की गई। यह



कार्रवाई वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरोए भोपाल द्वारा मिली सूचना के आधार पर की गई।

जानकारी के अनुसारए बनसुकली गांव के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति बाघ के अवयवों की तस्करी के लिए आए थे। त्वरित कार्रवाई करते हुएए सिविल ड्रेस में तैनात वन अमले ने सीधी बनसुकली रोड पर मौहार टोला तिराहा के पास तीन लोगों से पूछताछ की। तलाशी के दौरानए एक आरोपी के पेंट की जेब से दो नग बाघ के नाखून बरामद हुएए सभी आरोपियों की तलाशी लेने पर 5 नाखून मिले। पकड़े गए आरोपियों में वंशपति सिंह गोड़ ;51 वर्षद्धए निवासी ग्राम हरदीए जिला सीधीएरमेश सिंह ;63 वर्षद्धए निवासी ग्राम ददरीटोलाए जिला सीधीएलालमन पनिका ;51 वर्षद्धए निवासी लुरघुटीए जिला सीधी ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने ये नाखून संजय टाइगर रिजर्व के ग्राम अमगांव के पास जंगल में मृत पड़े बाघ के शव से निकाले थे और इस बिक्री करने की फिराक में घूम रहे थे। तभी आरोपियों को अपराध नियंत्रण ब्यूरो भोपाल की सूचना पर वन विभाग की विशेष टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर वन विभाग ने कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्राधिकारी तरूणेन्द्र सिंहए परिक्षेत्र सहायक बनसुकली दिलीप मिश्राए और अन्य वन सुरक्षाकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**अनियमितता**

बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए बस्ते का बोझ निर्धारित, बावजूद नहीं होता पालन

# प्राथमिक कक्षाओं में ढाई किलो से अधिक वजन के बस्ते पर है रोक

**विजय मत, शहडोल।**

बच्चों पर बस्ते का बढ़ता बोझ उनकी सेहत के लिए चिंता का कारण बन गया है। कक्षा 1 से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के बस्ते का वजन 8 से 10 किलोग्राम तक हो गया है। इससे न केवल उनकी शारीरिक सेहत पर असर पड़ रहा है, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। बच्चों को भारी बस्ता ढोने के कारण उनकी लंबाई पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके बावजूद, सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं हो पा रहा है।

### बच्चों का दिन बेहद थका देने वाला

बता दें कि इन बच्चों का दिन बेहद थका देने वाला होता है। सुबह से शाम तक स्कूल की पढ़ाई और फिर बस्ते का भारी बोझ। बच्चों का बस्ता इतना भारी हो गया है कि वे दिनभर की पढ़ाई के बाद सामान्य गतिविधियाँ भी ठीक से नहीं कर पाते। शाम को स्कूल से लौटने के बाद थकान के कारण उनका भोजन भी प्रभावित हो रहा है।



### भारी बस्ता उठाने से शारीरिक विकास पर प्रतिकूल असर

चिकित्सकों का कहना है कि भारी बस्ता उठाने से शारीरिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उनकी लंबाई कम हो रही है और उनके कंधों पर गंभीर दबाव बन रहा है। बस्ती के भजन के कारण छात्र-छात्राओं के मानसिक एवं शारीरिक विकास पर भी गंभीर असर पड़ता है, तथा जिसके कारण बच्चों का विकास रुक जाता है जिम्मेदारों द्वारा इन पर ध्यान देना अति आवश्यक है।

### कक्षा 1 और 2 के बच्चों को होमवर्क नहीं

नई शिक्षा नीति के अनुसार, प्राइमरी स्कूल के बच्चों के बस्ते का वजन ढाई किलो से अधिक नहीं होना चाहिए। इस नीति में बच्चों को दिए जाने वाले होमवर्क पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। ऐसे में अब नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा और 2 के बच्चों को कोई होमवर्क नहीं दिया जाएगा, कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों को सप्ताह में दो घंटे से अधिक होमवर्क नहीं दिया जाएगा, जबकि कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को प्रतिदिन एक घंटे और कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों को अधिकतम दो घंटे होमवर्क देने की अनुमति होगी।

### शासन द्वारा निर्धारित बस्तों का वजन

- पहली कक्षा 1.6-2.2 किग्रा
- दूसरी कक्षा 1.6-2.2 किग्रा
- तीसरी कक्षा 1.7-2.5 किग्रा
- चौथी कक्षा 1.7-2.5 किग्रा
- पांचवीं कक्षा 1.7-2.5 किग्रा
- छठवीं कक्षा 2-3 किग्रा
- सातवीं कक्षा 2-3 किग्रा
- आठवीं कक्षा 2.5-4 किग्रा
- नौवीं कक्षा 2.5-4 किग्रा
- दसवीं कक्षा 2.5-4.5 किग्रा

### तत्कालीन कमिश्नर ने की थी पहल

तत्कालीन शहडोल संभाग के कमिश्नर राजीव शर्मा द्वारा बच्चों के बस्ते का वजन कम करने का अभियान चलाया गया था। जिसके तहत शहडोल संभाग की जिम्मेदार अधिकारी स्कूलों का भ्रमण करके वस्तुओं के वजन निरीक्षण किया जाता था तथा इसको गंभीरता से लेते हुए मध्य प्रदेश शासन ने भी बस्ते के वजन के संबंध में आदेश जारी किए थे।

# क्या आज गुजरात टाइटंस को चुनौती दे पाएगी सनराइजर्स हैदराबाद

## बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सनराइजर्स हो रहे नाकाम, समय शाम 7:30 बजे

**हैदराबाद, एजेंसी**




अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना विशेष मुकाम रखने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के लिए उसकी यह आक्रामकता अब हार का कारण बनाती जा रही है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को मैच में सनराइजर्स को अपनी इस शैली पर आत्ममंथन करना होगा। सनराइजर्स ने अपने पहले मैच में 286 रन बनाकर आईपीएल सीजन की धमाकेदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसके बल्लेबाजों की आक्रामकता नहीं चली। सनराइजर्स ने अगले तीन मैच में 190, 163 और 120 रन बनाए। सनराइजर्स को इन तीनों मैच में हार मिली। सनराइजर्स की टीम अभी अंक तालिका में 10वें और अंतिम स्थान पर है, और ऐसा लग रहा है कि विश्व चैंपियन पैट कमिंस की अगुवाई वाली यह टीम बिखरती जा रही है।

बीते साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम आक्रामकता और अति आक्रामकता के बीच संतुलन बनाने में नाकाम साबित हो रही है और उसके अधिकतर बल्लेबाजों ने अपने विकेट आसानी से दे रहे हैं। सनराइजर्स के लिए राहत की बात यह है कि उसकी टीम को गुजरात के खिलाफ अगला मैच अपने घरेलू मैदान पर खेलना है, जहां अभी तक रन वर्षा होती रही है। सनराइजर्स को अगर हार की हैट्रिक पूरी करने के बाद वापसी करना है, तब उसके मुख्य बल्लेबाजों ट्रैविस हेड, इशान किशन, हेनरिक क्लासेन को धमाकेदार बल्लेबाजी करना होगा।

### टीम इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद** -पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, एडम ज़म्पा, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट और ईशान मलिंगा।

**गुजरात टाइटंस**-शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, राहुल तेवतिया, राशिद खान, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएत्जी, मोहम्मद अरशद खान, गुरनूर सिंह बराड़, शेरफेन रदरफोर्ड, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया।


**फुटबॉल**



स्ट्रॉबेरी एरिना, सोलना, स्वीडन में महिला राष्ट्र लीग फुटबॉल टूर्नामेंट लीग ए - स्वीडन बनाम इटली मैच के दौरान स्वीडन की फिडोलिना रोल्फो इटली की लूसिया डि गुग्लिल्मो एंडर्स विकलुंड/टीटी के साथ एक्शन में।

# हमारे गेंदबाजों ने 10-12 रन ज्यादा दिए इसलिए लखनऊ से हम हारे: पंड्या

**नई दिल्ली, एजेंसी**



हार्दिक पंड्या लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच गंवाने के बाद निराश हैं। उनका कहना है कि हमारे गेंदबाजों ने विपक्षी टीम के खिलाफ 10 से 12 रन ज्यादा दिए जिसका हमें नुकसान हुआ। मुंबई को लखनऊ से 12 रन से हार मिली। मुंबई के कप्तान पांड्या ने गेंदबाजी करते हुए 36 रन देकर पांच विकेट लिए, लेकिन लखनऊ टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 8 विकेट पर 203 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन ही बना सकी और मैच गवां दिया। हार्दिक पंड्या ने मैच के बाद कहा कि हारना हमेशा निराशाजनक होता है। मैं ईमानदारी से कहूं तो मैदान में हमने 10-12 रन ज्यादा दिए। आखिरी में हम इसी अंतर से हारे। हार्दिक ने टी20 क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिए हैं। आईपीएल में पांच विकेट लेने वाले वह पहले कप्तान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा अपनी गेंदबाजी का लुत्फ उठाया है। मेरे पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं, लेकिन मैं विकेट परखकर कर अपने विकल्प चुनता हूं।

# मेरा काम सार्थक प्रदर्शन करना: वेंकटेश

**कोलकाता, एजेंसी**



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर को आईपीएल के इस सत्र में बड़ी रकम मिली है। इसी को लेकर अब इस क्रिकेटर ने कहा है कि बड़ी रकम मिलने का मतलब ये नहीं कि उन्हें हर मैच में ही बड़ा स्कोर बनाना है। इसकी जगह उनका ध्यान ऐसा प्रदर्शन करना है जिससे टीम को जीत मिले। गौरतब है कि मेगा नीलामी में राइट टू मैच कार्ड का उपयोग करके केकेआर ने उन्हें 23 करोड़ की रकम देकर खरीदा था पर नए सीजन की शुरुआत में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। पहले दो मैचों में वह सिर्फ 9 रन बना पाए, जिसके बाद उनकी भारी कीमत पर सवाल उठने लगे।

अय्यर ने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, मेरे पर भी दबाव है। आप लोग बहुत बातें करते हैं पर टीम में सबसे ज़्यादा भुगतान पाने वाला खिलाड़ी होने का मतलब यह नहीं है कि मुझे हर मैच में ही रन बनाने हैं। यह इस बारे में है कि मैं टीम में क्या प्रभाव डाल पा रहा हूं। दबाव इस बारे में नहीं है कि मुझे कितने पैसे मिल रहे हैं या मुझे कितने रन बनाने हैं। मुझ पर कभी भी ऐसा दबाव नहीं रहा।

# 16 जुलाई से इटली में खेला जाएगा होपमैन कप : आईटीए

**लंदन।** होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा। मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

## एंड्रयू जोन्स के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया

# वनडे में 2000 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बने डेरिल मिशेल

**माउंट माउंगानुई, एजेंसी**



डेरिल मिशेल ने शनिवार को तब रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया, जब वे 2000 वनडे रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के सबसे तेज बल्लेबाज बने। पोस्ट के अनुसार, उन्होंने शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में 43 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। ? मिशेल ने एंड्रयू जोन्स के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मिशेल की उपलब्धि के बारे में पोस्ट किया, मिशेल 2,000 एकदिवसीय रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के सबसे तेज पुरुष खिलाड़ी बने हैं। मिशेल ने 47 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की और एंड्रयू जोन्स के 52 पारियों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। मिशेल को 2019 के अंत में चोटिल कॉलिन डी ग्रैंडहोम के विकल्प के रूप में टेस्ट टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ आत्मविश्वास से भरी 73 रन की अपनी पहली पारी खेलकर और अपने घरेलू मैदान हैमिल्टन की धीमी पिच पर उचित सटीकता के साथ गेंदबाजी करके मजबूत छाप छोड़ी।

# बुमराह के खिलाफ रन बनाना चाहते हैं नितीश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी चाहते हैं कि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ मुकाबला करने का अवसर मिले। नितीश ऑस्ट्रेलिया दौरे में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी की नजरों में आये थे। बूमराह अभी तक फिट नहीं होने के कारण आईपीएल से बाहर हैं। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच 17 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुकाबला होना है। नितीश चाहते हैं कि उस मैच तक बुमराह फिट होकर वापसी करें जिससे उन्हें उनके साथ मुकाबला करने और रन बनाने अवसर मिल सके। इस क्रिकेटर ने कहा कि अगर बुमराह के साथ मुकाबले का मौका मिलता है तो मैं इस चुनौती के लिए आभारी रहूंगा। वह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं और उनका सामना करना एक रोमांचक अनुभव होगा। अगर मैं उनके खिलाफ कुछ रन बनाने में कामयाब हो जाता हूं, तो मुझे बहुत खुशी होगी। बुमराह जैसे शीर्ष गेंदबाजों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना ही खेल को रोमांचक बनाता है। उन्होंने साथ ही कहा कि भारतीय क्रिकेट की इस पीढ़ी को विराट कोहली, रोहित शर्मा और अन्य दिग्गजों ने आकार दिया है। वहीं हमारा लक्ष्य उनकी विरासत को आगे ले जाना है। जसप्रीत, रोहित और विराट जैसे खिलाड़ी वास्तव में भारतीय क्रिकेट के लिए स्वर्णिम संपत्ति हैं।

## बिजनेस

## गोल्ड रिजर्व 51.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 77.79 अरब डॉलर हुआ

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 665.40 अरब डॉलर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के अर्थव्यवस्था में संकट के बीच खुशखबरी आई है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार बढ़ रहा है। भारतीय रिज़र्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च के आखिरी हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार ने 5 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंचकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 28 मार्च, 2025 को खत्म हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.60 अरब डॉलर बढ़कर 665.40 अरब डॉलर के 5 महीने के हाई पर पहुंच गया। ये लगातार चौथा हफ्ता है, जब भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी देखने को मिली है। देश में सोने के भंडार में भी इजाफा हुआ है। आरबीआई ने कहा कि बीते हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 4.53 अरब डॉलर बढ़कर 658.8 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 28 मार्च को खत्म हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा फॉरेन करेंसी एसेट्स 6.16 अरब डॉलर बढ़कर 565.01 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में बताई जाने वाली एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी फॉरेन करेंसी के मूल्य में बढ़ोतरी या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है। आंकड़ों के अनुसार रिपोर्टिंग वीक में गोल्ड रिजर्व 51.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 77.79 अरब डॉलर हो गया। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंडमें देश का स्पेशल ड्राइंग राइट 6.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.18 अरब डॉलर रह गया जबकि आईएमएफ में देश का आरक्षित विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.41 अरब डॉलर रह गया। इसके अलावा पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार में भी उछाल आया है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के पास मौजूद विदेशी मुद्रा भंडार 70 मिलियन डॉलर बढ़कर 10.68 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। पाकिस्तान के पास मौजूद कुल लिक्विड विदेशी भंडार 15.58 अरब डॉलर रहा।

# सरकार जल्द ही पेट्रोल-डीजल के भाव में करेगी कटौती


## पेट्रोल 95 और डीजल 88 रुपए लीटर

**नई दिल्ली, एजेंसी**




दैनिक उपभोग से लेकर जरूरी चीजों के भाव में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। महंगाई का सीधा कनेक्शन पेट्रोल-डीजल के कीमतों से होता है, क्योंकि पूरे देश में सामानों का परिवहन डीजल गाड़ियों से होता है। वहीं आम जनता पेट्रोल वाहनों का उपयोग करते हैं। ऐसे में लोगों को उम्मीद है कि सरकार जल्द ही पेट्रोल-डीजल के दाम में राहत दे सकती है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार शनिवार को दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत की 94.72 रुपए है और डीजल प्रति लीटर 87.62 रुपए है। इसके अलावा मुंबई में प्रति लीटर की कीमत 103.94 रुपए और डीजल प्रति लीटर के दाम 89.97 रुपए है। वहीं कोलकाता में प्रति लीटर पेट्रोल का भाव 103.94 रुपए और डीजल का भाव 90.76 रुपए है। आखिर में चेन्नई में प्रति लीटर पेट्रोल का दाम 100.85 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.44 रुपए प्रति लीटर है। इससे पहले 14 मार्च को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पेट्रोल और डीजल के दाम 2 रुपए प्रति लीटर कम हुए थे।

# आरबीआई जारी करेगा 10 और 500 रुपये के नए नोट



**पहले से जारी 10 और 500 रुपये के नोट वैध रहेंगे**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घोषणा की है कि वह जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रंखला के तहत 10 और 500 रुपये के नए नोट जारी करेगा। ये नोट नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षरों से लेबल होंगे। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा है कि इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रंखला के 10 और 500 रुपये के मौजूदा बैंक नोटों के समान है। इन नए नोटों की जारी के बावजूद, पहले से जारी 10 रुपये और 500 रुपये के वर्ग के बैंक नोट वैध रहेंगे। इससे पहले आरबीआई ने पिछले महीने गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के नोट जारी करने की गोषणा की थी। मल्होत्रा ने दिसंबर, 2024 में आरबीआई गवर्नर के पद संभाला था और उन्होंने गवर्नर के पद पर रहे शक्तिकान्त दास की जगह ली थी।

# शेयर बाजार ने तोड़ा दो सप्ताह की बढ़त का सिलसिला

## सेंसेक्स और निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर दो फीसदी की तेजी रही

**मुंबई, एजेंसी**



ट्रेड वार की आशंकाओं के बीच घरेलू शेयर बाजार में दो सप्ताह की तेजी का सिलसिला टूट गया। ट्रेड वार की वजह से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पारंपरिक टैरिफ घोषणाओं और आर्थिक मंदी को लेकर नई चिंताओं के बीच वैश्विक स्तर पर बिकवाली हुई। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स और निफटी दो फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। 31 मार्च को ईद के त्योहार के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे इस वजह से बाजार में एक दिन कम कारोबार हुआ। ईद की छुट्टी की वजह से हफ्ते के पहले काराबारी दिन गलवार को सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 639.13 अंक गिरकर 76,775.79 अंक पर खुला और 1,390.41 अंक गिरकर 76,024.51 पर बंद हुआ। निफ्टी 361.60 अंक टूटकर 23,157.75 के स्तर पर खुला और 351.15 अंक लुढ़ककर 23,168.20 पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ के एलान से पहले बुधवार को घरेलू शेयर बाजार ने सकारात्मक शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 256.82 अंक बढ़कर 76,281.33 अंक पर खुला और 592.93 अंकों की बढ़त के साथ 76,617.44 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 84.9 अंक चढ़कर 23,250.60 अंक पर खुला और 166.65 अंक मजबूत होकर 23,332.35 के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 805.58 अंक गिरकर 75,811.86 अंक पर खुला और 322.08 अंक टूटकर 76,295.36 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 182.05 अंक गिरकर 23,150.30 पर खुला ओर 82.25 अंकों की गिरावट के साथ 23,250.10 के स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी टैरिफ को लेकर दुनियाभर में मचे बवाल के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 509.54 अंक गिरकर 75,785.82 अंक पर खुला और 930.67 अंकगिरकर 75,364.69 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 146.05 अंक गिरकर 23,104.05 अंक पर खुला और 345.65 अंक गिरकर 22,904.45 पर बंद हुआ।

## कंपनी का जल्द आएगा आईपीओ

# टाटा कैपिटल अब आठवीं प्रमुख भारतीय कंपनी बनने की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा कैपिटल एक वित्तीय सेवा कंपनी ने अपने आईपीओ की शुरुआती प्रक्रिया आरंभ कर दी है। गोपनीय प्री-फाइलिंग रूट के माध्यम से सेबी के पास दस्तावेज दाखिल करने के बाद टाटा कैपिटल अब आठवीं प्रमुख भारतीय कंपनी बनने की ओर अग्रसर है। इस आईपीओ में टाटा संस और निवेशक आईएफसी अपनी हिस्सेदारी कम करेंगे। ड्राफ्ट पेपर गोपनीय प्री-फाइलिंग रूट के माध्यम से बाजार नियामक के पास दाखिल किए गए हैं और कंपनी के बोर्ड ने आईपीओ लॉन्च करने से पहले 1,504 करोड़ रुपये जुटाने के लिए फरवरी में राइट्स इश्यू को भी मंजूरी दी थी। इस आईपीओ में 230 मिलियन शेयरों तक का नया इश्यू होगा और इसमें इक्विटी शेयरों की बिक्री शामिल होगी। टाटा कैपिटल ने मेगा लिस्टिंग के लिए 10 निवेश बैंकों को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। क्रिसिल रेटिंग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच वित्त वर्षों में टाटा संस ने टाटा कैपिटल में भारी निवेश किया है और यह कंपनी का अगला कदम एक महत्वपूर्ण मिलान साबित हो सकता है। यह आईपीओ अपेक्षित राजस्व संभावनाओं के बारे में जानकारी देगी और कंपनी को नए उत्पादों और सेवाओं के विकास में मदद करने में सहायक साबित हो सकती है।

# बीवायडी ने पहली तिमाही में दर्ज की 60प्रतिशत की ग्रोथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीवायडी कंपनी ने 2025 की पहली तिमाही में 60प्रतिशत की जबरदस्त ग्रोथ दर्ज की। चीनी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी ने पहले तीन महीनों में एक मिलियन से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री की, जिसमें बैटरी से चलने वाली कारें, हाइब्रिड और कमर्शियल व्हीकल्स शामिल हैं। बीवायडी की प्योर इलेक्ट्रिक व्हीकल सेल्स 39 प्रतिशत बढ़कर 4.16 लाख यूनिट्स से ज्यादा हो गई। कंपनी लगातार मजबूत प्रदर्शन कर रही है। पिछले साल बीवायडी ने 107 बिलियन की रिकॉर्ड वार्षिक आय दर्ज की, जबकि टेस्ला का 2024 का रेवेन्यू 97.7 बिलियन रहा। टेस्ला को झटका तब लगा जब 2024 में पहली बार उसकी एनुअल डिलीवरी 1.1प्रतिशत घट गई। बीवायडी की शिपमेंट का 90प्रतिशत घरेलू बाजार में रहा, जबकि 10प्रतिशत वाहनों का निर्यात किया गया। हालांकि, अब कंपनी यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया और दक्षिण अमेरिका जैसे बाजारों में विस्तार कर रही है, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। यूरोप में बीवायडी की पकड़ मजबूत हो रही है, जहां उसने दो नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बनाए हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट



### जैन समाज की महिलाओं ने दानी स्कूल में समर्पित किया वाटर कूलर

रायपुर। विवेकानंद नगर, शैलेंद्र नगर, टैगोर नगर जैन समाज की महिलाओं ने कन्या विद्यालय जेआर दानी स्कूल कालीबाड़ी में एक वाटर कूलर प्रदान किया। प्यूरीफायर ( वाटर फिल्टर) का लोकार्पण अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में राजेश जैन, श्रीमती किरण मुथा, श्रीमती बसंती तालेड़ा, श्रीमती रंजना महावर एवं शाला के प्राचार्य दीवान सर उपस्थित थे।

### संगठन चुनाव की तैयारी को लेकर राजीव भवन में बैठक 11 बजे से

रायपुर । प्रदेश कांग्रेस की अहम बैठक मंगलवार सुबह 11 बजे से राजीव भवन में होगी। इस बैठक में संगठन के चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा होगी। इस मीटिंग में सीएम भूपेश बघेल समेत कई दिग्गज शामिल होंगे।मिली जानकारी के अनुसार, जिला, ब्लाक निर्वाचन अधिकारियों एवं प्रदेश कार्यकारिणी, जिला अध्यक्षों की बैठक होगी। बैठक में सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, प्रदेश कांग्रेस के निर्वाचन अधिकारी हुसैन उमर दलवाई, प्रदेश प्रभारी सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

बताते चले कि 14 जुलाई को भी भूपेश कैबिनेट की अहम बैठक होगी। मुख्यमंत्री निवास में दोपहर 12 बजे बैठक होगी। कैबिनेट की इस बैठक में मछुआ नीति को मंजूरी मिल सकती है। इसके साथ ही ट्रांसफर पॉलिसी पर भी चर्चा होने की संभावना है। वही, आगामी मानसून सत्र को लेकर भी चर्चा हो सकती है। 20 जुलाई से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हो रहा है।

### ई-कुबेर से कोषालय देयकों का पुनर्भुगतान 10 अप्रैल तक

रायपुर। संचालनालय कोष एवं लेखा, छत्तीसगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में ई-कुबेर प्रणाली के अंतर्गत असफल रहे संव्यवहारों (ऋीं ळ१ल्ल२ू-३ङ्खल्ल२) के पुनर्भुगतान 10 अप्रैल 2025 तक किया जा सकेगा। पूर्व में यह समय-सीमा केवल उन संव्यवहारों के लिए थी जो 31 मार्च को असफल हुए थे। अब संशोधन के तहत 31 मार्च तक के समस्त असफल लेन-देन इस व्यवस्था के अंतर्गत लाए गए हैं। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, इंद्रावती कोषालय रायपुर ने सभी संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को संशोधित समय-सीमा में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

### चिरायु ने बदल दी सैकड़ों बच्चों की जिंदगी, फ्री में हो रहा ईलाज

रायपुर। सीएम विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रही है। जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क इलाज कर उनकी जीवनशैली में नया उजाला और खुशहाली भर रही हैं। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को जीवनदान मिल रहा है। जन्मजात रोगों से ग्रसित बच्चों का निशुल्क इलाज जिला मुख्यालय अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज व राजधानी रायपुर के अनुबंधित अस्पतालों में शासकीय व्यय पर सफलतापूर्वक किया जा रहा है। चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत 45 बीमारियों का निशुल्क इलाज इस कार्यक्रम के तहत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की छह चरणों में स्क्रीनिंग कर 45 तरह की बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया जाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशा के अनुसार छत्तीसगढ़ एवं देश के 100 से अधिक सरकारी, अर्द्धशासकीय एवं निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा उपलब्ध है। चिरायु ने नौनिहालों को दिया नया जीवन सरगुजा जिले में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक की स्थिति में 585 गांवों के 2383 आंगनबाड़ी केंद्र और 2074 स्कूलों में कुल 2,17,809 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

## निमार्णाधीन एक्वाडक्ट की गुणवत्ता की जांच कर लिए सेम्पल, कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश

# मुख्य तकनीकी परीक्षक सतर्कता आर. पुराम ने किया समौदा-निसदा डायवर्सन के निमार्णाधीन केनाल का निरीक्षण

**विजय मत रायपुर ब्यूरो।**

राजीव समौदा-निसदा डायवर्सन योजना (फेस-2) के अंतर्गत निमार्णाधीन ट्रफ एवं डी.आर.बी. कार्य का मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) आर. पुराम ने आज स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निमार्णाधीन एक्वाडक्ट की गुणवत्ता की नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग उपकरण से जांच की तथा प्रयोगशाला परीक्षण हेतु सेम्पल नमूने लिए। यह परीक्षण रायपुर स्थित प्रयोगशाला में किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान श्री पुराम ने उक्त कार्य के संबंध में भू-अर्जन एवं वन स्वीकृति की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि कार्य में अनावश्यक विलंब न हो। मुख्य तकनीकी परीक्षक ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत 82




किलोमीटर लंबाई की मुख्य नहर का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे लगभग 28,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे कुल 120 गांवों को लाभ मिलेगा, जिनमें से 12 गांव आरंग ब्लॉक और 108 गांव बलौदाबाजार जिले के अंतर्गत आते हैं। यह नहर निसदा (आरंग) से प्रारंभ होकर ग्राम मुंडा (कसडोल) तक जाएगी।

राजीव समौदा-निसदा डायवर्सन योजना का मुख्य उद्देश्य महानदी मेन केनाल के जल को भाटापारा ब्रांच केनाल में डायवर्ट कर बलौदाबाजार एवं भाटापारा अंचल के गांवों को सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराना है। योजना की शुरूआत वर्ष 2005 में की गई थी, किंतु भू-अर्जन एवं वन स्वीकृति की प्रक्रिया में विलंब के कारण आज तक पूर्ण नहीं हो सकी है।

पुराम ने इस योजना को अटल सिंचाई योजना (जो वर्तमान में बजट में प्रावधानित है) के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, जिससे कृषकों को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि निरीक्षण की संपूर्ण रिपोर्ट संगठन द्वारा जारी की जाएगी, जिसका जवाब कार्यपालन अभियंता, द्वितीय चरण, रायपुर से 15 दिवस के भीतर प्राप्त किया जाएगा।

### 8 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ सरोना में युवक गिरफ्तार, पहुंचा जेल

रायपुर। रायपुर में अवैध तरीके से हेरोइन बेचते एक युवक गिरफ्तार हुआ है। वह शमशान घाट एरिया के पास घूम कर ग्राहक की तलाश कर रहा था। इस बात की भनक पुलिस को लग गई। पुलिस ने आरोपी को नशीले हीरोइन के साथ गिरफ्तारकिया है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा किया गया है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि सरोना के श्मशान घाट के पास एक युवक संदिग्ध तरीके से घूम रहा है। उसने अपने पास एक पॉलिथीन में हीरोइन रखा है। पुलिस टीम ने आरोपी को मौके पर जाकर घेर लिया।

**श्मशान घाट के पास घूमकर कर रहा था ग्राहक की तलाश**

आरोपी तरुण बजाज की स्कूटी की तलाशी लेने पर उसमे हेरोइन बरामद हुआ। उसके अलावा आरोपी के पास एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।पुलिस के अनुसार 8 ग्राम हेरोइन जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीब 8 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया है।

## ऑनलाइन-बेटिंग पर हाईकोर्ट का रुख सख्त, कहा-कितने ऐप पर कार्रवाई हुई

# चीफ जस्टिस बोले-लोग शॉर्टकट से पैसा कमाना चाह रहे, केंद्र-राज्य सरकार से मांगा शपथ-पत्र

**विजत मत बिलासपुर ब्यूरो।**

बिलासपुर हाईकोर्ट ने ऑनलाइन बेटिंग ऐप (सट्टा) को लेकर सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा कि, अब लोग मेहनत से नहीं, शॉर्टकट से पैसा कमाना चाह रहे हैं, जो समाज और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए खतरनाक है।कोर्ट ने सरकार को कहा कि वैध और अवैध के बीच की रेखा टूटनी नहीं चाहिए। साथ ही हाईकोर्ट ने पूछा कि, महादेव सट्टा ऐप के अलावा और कौन-कौन से ऑनलाइन सट्टा ऐप पर कार्रवाई की गई है। राज्य



सरकार, गृह विभाग और केंद्र सरकार से शपथपत्र के साथ जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की खंडपीठ ने सुनवाई की। इस केस की अगली सुनवाई 6 मई को होगी।दरअसल, ऑनलाइन बेटिंग ऐप को लेकर रायपुर निवासी सुनील नामदेव ने अधिवक्ता अमृतो दास के जरिए याचिका लगाई है। याचिका में कहा गया है कि कई सट्टा एप्स आज भी खुलेआम सक्रिय हैं। आईपीएल जैसे आयोजनों के दौरान सट्टा एप्स के बढ़ते चलन पर भी चिंता जताई गई।

इसके साथ ही ऑनलाइन बेटिंग ऐप की निगरानी के लिए एक स्थायी तंत्र बनाए जाने की मांग भी की गई है।

### सक्रिय एप्स को चिन्हित करें: कोर्ट

इस पर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने पूछा कि, महादेव ऐप के बाद अब तक कितने एप्स पर कार्रवाई हुई? कितनों को प्रतिबंधित किया गया ?

केंद्र सरकार को भी मामले में पक्षकार बनाया गया है। वहीं, एक सक्रिय सट्टा ऐप को भी याचिका में शामिल किया गया है।कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि, इन सक्रिय ऐप्स को चिह्नित कर तत्काल कार्रवाई की जाए।

# अमित शाह नक्सलवाद पर राजनीति कर रहे : कांग्रेस

## चार साल पहले खुद माने थे भूपेश सरकार के समय नक्सलवाद में कमी आई

**विजय मत रायपुर ब्यूरो।**

नक्सलवाद के मामले में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने राजनैतिक विद्वेष के कारण गलत बयानी किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री को गलत बयानी शोभा नहीं देती। जब कांग्रेस की सरकार थी तब अपने हर दौरे में वे नक्सल नियंत्रण के मामले में भूपेश सरकार की तारीफ करते थे। आंकड़े बताते है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के दौरान नक्सली घटनाओं में कमी आई थी। स्वंय अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में आकर 5 अप्रैल 2021 को मीडिया में बयान दिया



था कि राज्य की भूपेश सरकार और केन्द्र सरकार ने मिलकर नक्सलवाद को पीछे खदेड़ दिया है। राज्य में नक्सली घटनाओं में 80 प्रतिशत तक की कमी आई है। अमित शाह के सामने आरपीएफ के डीजीपी ने कहा था छत्तीसगढ़ में नक्सलवादी पैकअप की ओर है। आज गृहमंत्री की कांग्रेस सरकार के प्रयासो पर ऊंगली उठा रहे।शुक्ला ने कहा कांग्रेस की सरकार बनने के बाद विश्वास विकास सुरक्षा के मूल मंत्र से नक्सलवादी घटनाओं और नक्सलवाद पर कमी आई थी। कांग्रेस की सरकार के समय दूरस्थ क्षेत्रों में कैंप बनाये गये पहुंच मार्ग बनाये गये। अबूझमाड़ में दो पुल बनाया गया। 300 से अधिक स्कूलों को खोला गया, राशन दुकान, अस्पताल खोला गया, 67 से अधिक वनोपजों की खरीदी की गयी। लोगो का भरोसा सरकार और सुरक्षा बलो के प्रति बढ़ा था। नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण हुआ था। 600 से अधिक गांव नक्सल मुक्त हुये थे, नक्सली केवल बीजापुर के कुछ ब्लाक और अबूझमाड़ तक सिमट गये थे।

# प्रयास और एकलव्य के बच्चों का जेईई संयुक्त प्रवेश परीक्षा-1 में शानदार प्रदर्शन

## प्रयास के 137 और एकलव्य के 48 बच्चों का क्वालीफाई होना तय

रायपुर । शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा 23 से 29 जून को आयोजित जेईई संयुक्त प्रवेश परीक्षा-1 के 11 जुलाई को घोषित परीक्षा परिणाम में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग द्वारा संचालित प्रयास एवं एकलव्य विद्यालय के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा में बैठे प्रयास के 365 छात्रों में 137 और एकलव्य के 116 में से 48 बच्चों का क्वालीफाई होना तय है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सचिव डी. डी. सिंह और आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जेईई संयुक्त प्रवेश परीक्षा-1 में बैठे प्रदेश के 8 जिलों में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के 365 विद्यार्थियों में से 137 विद्यार्थियों का विगत वर्ष के वर्गवार कटऑफ के आधार पर क्वालीफाई होने की पूरी संभावना है। इसी तरह एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के परीक्षा में शामिल 116 विद्यार्थियों में से 48 विद्यार्थियों का क्वालीफाई होना संभावित है।घोषित परीक्षा परिणाम में प्रयास बालक आवासीय विद्यालय रायपुर का परीक्षा परिणाम सबसे बेहतर रहा है। इस विद्यालय से परीक्षा में शामिल 72 छात्रों में से 49 छात्रों के जेईई मैन्स सेशन-1 में सफलता पाने की पूरी संभावना है, जो कि कुल शामिल विद्यार्थियों का 68 प्रतिशत है।

विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल कर विभाग को गौरवान्वित किया है।

# अष्टमी पर देवी मंदिरों में हुई विशेष पूजा, भोग भंडारा भी

## रामनवमी आज: ज्योत जवारा विसर्जन के साथ ही श्री राम की शोभायात्रा की जोरदार तैयारी

**विजय मत रायपुर ब्यूरो।**

चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर शनिवार को छत्तीसगढ़ के देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। राजधानी रायपुर के मंदिरों में सुबह से ही हवन और पूजा हुई। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं डोंगरगढ़ स्थित बम्लेश्वरी मंदिर में भी विशेष हवन-पूजन हुआ।

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर रायपुर में गायत्री परिवार ने कन्या भोज करवाया। वहीं, आकाशवाणी के पास काली माता मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन हुआ। इसी तरह भनपुरी स्थित बंजारी माता मंदिर समेत शहर के दूसरे मंदिरों में अष्टमी पर विशेष हवन



किया गया। इसके बाद अब रविवार को मनोकामना ज्योत का विसर्जन किया जाएगा।

### कालरात्रि की हुई विशेष आराधना:

अष्टमी से पहले नवरात्र के सातवें दिन माता के सातवें स्वरूप कालरात्रि की आराधना की गई। देर रात तक यहां अनुष्ठान होते रहे। आकाशवाणी तिराहे पर स्थित काली माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही। इसी तरह शहर के प्राचीन कंकाली मंदिर में माता की विशेष पूजा-अर्चना का क्रम देर रात तक जारी रहा। सत्ती बाजार स्थित अंबे मंदिर में माता की महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां हाथों में ज्योत की थाल लेकर शामिल हुईं।

### अलग-अलग मंदिरों में भंडारे का आयोजन:

बता दें, चैत्र नवरात्र में अष्टमी से नवमी तक शहर के अलग-अलग मंदिरों में भंडारे का आयोजन हुआ। हवन के बाद लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं, रविवार को रामनवमी के मौके पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शहर के अलग-अलग इलाकों से शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी।

### घरों में पूजी जा रही कन्याएं:

नवरात्रि की अष्टमी को जया तिथि भी कहते हैं। यह बल देने और व्याधियों का नाश करने का दिन है। अष्टमी तिथि को कन्या पूजन से देवी आराधना का फल और विशेष पुण्य भी मिलता है। इसी मान्यता के अनुरूप लोगों ने पूजा-पाठ कर मंदिरों और घरों में कन्याओं की पूजा की। कई जगहों पर रविवार को भी कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा।


# सरकार सुनिश्चित करे फीस नियामक आयोग के फैसले के अनुसार मेडिकल छात्रो की फीस वापस हो

**विजय मत रायपुर ब्यूरो।**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉक्टर राकेश गुप्ता ने छत्तीसगढ़ फीस नियामक आयोग के निजी मेडिकल कॉलेजो की प्रावधानों के विपरीत अतिरिक्त मदों में ली गई फीस की वापसी के फैसले का स्वागत किया है।

पिछले कुछ समय से पालकों की तरफ से नियमित रूप से शिकायतें मिलती रही हैं लेकिन मेडिकल कॉलेजों में अध्ययन कर रहे बच्चों की पढ़ाई में संभावित अहित के कारण कोई पालक आगे आकर शिकायत नहीं कर पाता है।

अतिरिक्त फीस वसूली किए जाने की शिकायतें सही पाए जाने पर फीस नियामक आयोग के



साहसी और पारदर्शी फैसले को कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने देश में अपनी तरह का पहला फैसला बताया है। भविष्य में अतिरिक्त फीस वसूली में रोक लगाए जाने के लिए बेहतर होगा कि छत्तीसगढ़ राज्य का चिकित्सा शिक्षा विभाग शिकायतों का तय समय पर निपटारा करके अपनी नैतिक जिम्मेदारी ठीक से निभाए, ताकि पालक और चिकित्सा छात्र मेडिकल कॉलेज की शिक्षा गुणवत्ता पर अपने सकारात्मक सुझाव दे सकें।डॉ. राकेश गुप्ता ने मांग किया है कि सरकार और चिकित्सा शिक्षा विभाग यह सुनिश्चित करे कि फीस नियामक आयोग के फैसले के अनुसार सभी बच्चों की अतिरिक्त फीस जो वसूली गयी है उसकी वापसी हो सके। फीस नियामक समिति की आदेश अनुसार तय समय पर सभी पालकों को पारदर्शी तरीके से फीस वापसी की प्रक्रिया पूर्ण हो यह देखना स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है।

**खास-खबर**

## कोरबा में घूसखोरी: पिछले सात महीनों में पुलिसकर्मियों के खिलाफ की गई छठी ट्रैप कार्रवाई

# एएसआई रिश्वत लेते गिरफ्तार, डीजल चोरी के आरोप में जब्त बोलेरो छोड़ने के लिए मांगे थे 50 हजार

**विजय मत/ ब्यूरो कोरबा।**

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने जिले में रिश्वत लेते हुए सहायक उपनिरीक्षक (एएस आई) को रंगे हाथ दबोचा है। एसीबी ने यह कार्रवाई पंचराम चौहान की शिकायत के आधार पर की है।

मामले में आरोप था कि सहायक उपनिरीक्षक मनोज मिश्रा ने वाहन से जुड़ी एक मामले को निपटाने के एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी।

जानकारी के मुताबिक, केसला गांव के निवासी पंचराम चौहान ने एसीबी बिलासपुर में लिखित



शिकायत दर्ज कराई कि उनका एक बोलेरो वाहन है। कुछ दिन पहले, रात करीब 1 बजे, मनोज मिश्रा उनके घर आए और बोले कि उनके वाहन से डीजल चोरी हो रही है। इसके बाद उन्होंने वाहन को थाने ले जाने की बात की।पंचराम ने जब गाड़ी को थाने नहीं ले जाने की बात कही तो मनोज मिश्रा ने कहा कि अगर वह चाहते हैं कि गाड़ी को कार्रवाई से बचाया जाए, तो उन्हें 50 हजार रुपये की रिश्वत देनी होगी। पंचराम ने इतनी रकम देने में असमर्थता जताई तो एएसआई ने गाड़ी को अपने पास रख लिया और अगले दिन सुबह गाड़ी को वापस कर दिया। उन्होंने पंचराम से कहा कि पैसे की व्यवस्था जल्द कर ले।पंचराम ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया और यह निर्णय लिया कि वह रिश्वत लेते हुए मनोज मिश्रा को पकड़वाएंगे। इसके बाद, उन्होंने एसीबी बिलासपुर को इस पूरे मामले की सूचना दी और जांच की मांग की।सहायक उपनिरीक्षक मनोज मिश्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

इस मामले में यह कार्रवाई पिछले सात महीनों में प्रदेश में पुलिसकर्मियों के खिलाफ की गई छठी ट्रैप कार्रवाई है।

### एसीबी ने इस तरह पकड़ा:

एसीबी ने शिकायत की सत्यता की जांच की और पाया कि शिकायत सही है। इसके बाद, एसीबी ने आरोपी सहायक उपनिरीक्षक को रंगे हाथ पकड़ने के लिए योजना बनाई।

### 10 हजार रुपये की रिश्वत के साथ धराया आरोपी:

शनिवार को एसीबी ने पंचराम को 10 हजार रुपये की रिश्वत की रकम देने के लिए भेजा।इसके बाद पंचराम ने जब थाना कोतवाली परिसर में एएसआई को यह रिश्वत दी, तो एसीबी की टीम ने मौके पर पहुंचकर सहायक उपनिरीक्षक मनोज मिश्रा को रंगे हाथ पकड़ लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 ( *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997